रोहतक
शुक्रवार, 15 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 196
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 32.4
न्यून. 24.5

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं व वितरक बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 15 अगस्त शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। आगामी अंक 17 अगस्त रविवार को आपके हाथों में होगा। – संपादक

## बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | बढ़ोतरी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,597.66 | 57.75 ▲ |
| निफ्टी | 24,631.30 | 11.95 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,01,020/- | 500/- ▼ |
| चांदी | 1,12,000/- | ---- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.57 | 10 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 65.95 बैरल 0.49% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

# अब घाटी में जलप्रलय : किश्तवाड़ में बादल फटने से 52 की मौत, 100 से अधिक लापता

**मरने वालों में सीआईएसएफ के दो जवान भी शामिल**

## 170 को बचाया, 36 की हालत गंभीर, चशोती में मचैल माता की यात्रा के लिए पहुंचे लोग बहे, सैकड़ों मलबे में दबे

भाषा ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर पहाड़ी गांव में गुरुवार को बादल फटने से सीआईएसएफ के दो जवानों समेत 52 लोगों की मौत हो गई, जबकि सैकड़ों लोग मलबे में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। अब तक 170 लोगों को बचा लिया गया है जिनमें 36 की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं 100 से अधिक लोग लापता बताएं जा रहे हैं। मृतकों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के दो जवान भी शामिल हैं। बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), पुलिस, सेना व स्थानीय स्वयंसेवक सहयोग कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि मचैल माता मंदिर जाने वाले रास्ते के चशोती गांव में यह आपदा अपराह्न 12 बजे से एक बजे के बीच आई। हादसे के समय मचैल माता यात्रा के लिए बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए थे। जो बाढ़ में बह गए। साढ़े नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित मचैल माता मंदिर तक जाने के लिए श्रद्धालु चशोती गांव तक ही मोटर वाहन से पहुंच सकते हैं, उसके बाद उन्हें मंदिर तक जाने के लिए 8.5 किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी होती है।

### एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, सेना व स्थानीय स्वयंसेवक बचाव में जुटे



### श्रद्धालुओं की गाड़ियां व दुकानें बही

चशोती गांव किश्तवाड़ से लगभग 90 किलोमीटर दूर है। यहां हजारों श्रद्धालुओं के लिए लगाया गया एक लंगर (सामुदायिक रसोईघर) इस घटना से सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ। बादल फटने के कारण अचानक बाढ़ आ गई और दुकानों एवं एक सुरक्षा चौकी सहित कई इमारतें गाड़ियां, दुकानें और लंगर बह गया। किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा ने आपदा के तुरंत बाद बचाव दल को रवाना किया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ व्यक्तिगत रूप से अभियान की निगरानी के लिए खुद भी घटनास्थल की ओर रवाना हुए।

### 25 जुलाई से 5 सितंबर तक यात्रा

मचैल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितंबर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पद्दर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है।

### हिमाचल में भीषण बाढ़ के कारण 323 सड़कें बंद

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में मानसून एक बार फिर एक्टिव हो गया है। हिमाचल प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बुधवार रात भारी बारिश हुई। कोटखाई के खलटूनाला की पहाड़ियों में सुबह 3 बजे बादल फटने से नाले में मलबा आ गया। इससे तराई में बना पेट्रोल पंप और 6 से ज्यादा गाड़ियां दब गईं। राज्य में 323 सड़कें बंद हो गईं हैं। अचानक आई बाढ़ में फंसे 4 लोगों को सेना ने रेस्क्यू किया। इन लोगों को पूह मिलिट्री कैंप में ले जाया गया। भारी बारिश के कारण ऊना, कुल्लू के बंजार सब डिवीजन, शिमला के जुब्बल और मंडी के थुनाग में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। दिल्ली में बुधवार रात से ही जोरदार बारिश जारी है। कालकाजी इलाके में एक बड़ा पेड़ बाइक जा रहे शख्स पर गिर गया। इसमें उसकी मौत हो गई और उसकी बेटी घायल है।

### पीएम मोदी ने दुःख जताया, कहा-हरसंभव मदद देंगे



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है।

## एसबीआई ने अग्निवीरों के लिए विशेष ऋण योजना शुरू की

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार के अल्पकालिक अग्निपथ भर्ती कार्यक्रम के तहत अग्निवीरों के लिए एक विशेष व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। एसबीआई ने कहा कि इस ऋण योजना के तहत बैंक में वेतन खाता रखने वाले अग्निवीर बिना किसी गारंटी के चार लाख रुपये तक का ऋण हासिल कर सकते हैं। इसमें प्रसंस्करण शुल्क पर पूर्ण छूट होगी। पुनर्भुगतान अवधि अग्निपथ योजना की अवधि के अनुरूप होगी। बैंक 30 सितंबर, 2025 तक सभी रक्षा कर्मियों को 10.50 प्रतिशत की न्यूनतम ब्याज दर की पेशकश कर रहा है। बैंक के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि एसबीआई में हमारा मानना है कि जो लोग हमारी स्वतंत्रता की रक्षा कर रहे हैं... वे अपने भविष्य के निर्माण में हमारे अटूट समर्थन के हकदार हैं। यह शून्य-प्रसंस्करण शुल्क तो महज शुरुआत है। हम आगे भी ऐसे समाधान तैयार करते रहेंगे जो आने वाले वर्षों में भारत के वीरों को सशक्त बनाएंगे।'

## प्रदेश के कई जिलों में बारिश, फतेहाबाद दादरी में पेड़ गिरने व करंट से 2 की मौत



यमुना का जलस्तर 80 हजार क्यूसेक के पार पहुंचा

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में गुरुवार को कई जिलों में बारिश हुई। इनमें रोहतक, जींद, फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत शामिल हैं। फतेहाबाद के टोहाना में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। चरखी दादरी में करंट से एक किसान की मौत हो गई। वह खेत में सिंचाई के लिए गया था, तभी पाइप बिजली लाइन से टच हो गया। रेवाड़ी के सरकारी अस्पताल के जच्चा-बच्चा वार्ड में छत से प्लास्टर गिर गया, जिसमें 6 महिलाएं मौजूद थीं। घटना के बाद मरीजों को तुरंत दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। तेज बारिश के कारण फरीदाबाद में भाजपा के राज्यस्तरीय विभाजन विभीषिका दिवस कार्यक्रम स्थल पर पानी भर गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद क्षेत्र खाली हो सका। इसके बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। उधर, हिमाचल और उत्तराखंड के कैचमेंट एरिया में हुई मूसलाधार बरसात से यमुनानगर में यमुना का जलस्तर 80 हजार 681 क्यूसेक पर पहुंच गया।

**रेवाड़ी में जच्चा-बच्चा वार्ड में प्लास्टर गिरा**

इस मानसून सीजन में यह सर्वाधिक है। जलस्तर बढ़ते ही यमुनानगर में स्थित हथिनी कुंड बैराज के सभी 18 फ्लड गेट खोलकर पानी को दिल्ली की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। हथिनी कुंड बैराज से दिल्ली की दूरी 225 किलोमीटर है। बैराज से निकला पानी दिल्ली तक पहुंचने में 72 घंटे का समय लगता है। हालांकि अभी इस पानी से बाढ़ जैसी स्थिति का खतरा नहीं है। बारिश के कारण जींद के कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन गई है। सड़कें तालाब बन गई, लोगों के घरों के अंदर तक पानी घुस गया है।

Reliance Growth is Life
स्टोर्स खुलने का समय सुबह 9 बजे
SMART TVs
BPL Haier TCL TOSHIBA
80 CM (32) Starting from ₹7990*
FHD 102 CM (40) Starting from ₹16990* EMIs of ₹1499*
UHD 108 CM (43) ₹18490*
*Price inclusive of all offers
AFFORDABLE LARGE SCREENS
Google TV
Crystal UHD
LG UHD 140 CM (55) ₹44990* EMIs of ₹1990*
UHD 140 CM (55) Starting from ₹24990*
SAMSUNG UHD 140 CM (55) ₹42990* EMIs of ₹2990*
*Price inclusive of all offers
LOWEST PRICE EVER
iPhone 13 128 GB ₹39900* EMIs of ₹2439*
*Price inclusive of all offers
iPhone 15 EMIs of ₹2579*
iPhone 16 EMIs of ₹2954*
iPhone 16 Pro EMIs of ₹9158*
UP TO ₹4000 INSTANT DISCOUNT ON PAPER FINANCE
Built for Apple Intelligence.
MacBook Air Starting from ₹49990*
*Price inclusive of all offers
डिजिटल इंडिया सेल
भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक सेल
17 अगस्त को समाप्त हो रहा है
25% डिस्काउंट*
10% तक इंस्टेंट डिस्काउंट*
₹15,000 तक इंस्टेंट डिस्काउंट# SBI card
# न्यूनतम ट्रांजेक्शन: 15,000. ईएमआई ट्रांजेक्शन पर भी वैध. वैधता: 15 अगस्त – 24 अगस्त 2025. नियम एवं शर्तें लागू.
15% तक निश्चित डिस्काउंट*
वाउचर अगली खरीदारी पर रिडीम किए जा सकेंगे^
1 EMI मुफ़्त* सभी इलेक्ट्रॉनिक्स पर
BAJAJ FINSERV HDB FINANCIAL SERVICES HDFC BANK IDFC FIRST Bank CONSUMER DURABLE LOAN kotak TVS CREDIT
Reliance digital
PERSONALISING TECHNOLOGY
www.reliancedigital.in
WASHOTSAV
SEMI-AUTOMATIC
WHIRLPOOL 8 Kg ₹11990* EMIs of ₹999*
SAMSUNG 10.5 Kg ₹14490* EMIs of ₹1208*
TOP LOAD
LG 7.5 Kg ₹16990* EMIs of ₹1416*
SAMSUNG 9 Kg ₹20990* EMIs of ₹1749*
*Prices inclusive of all offers
BOSCH IFB LG SAMSUNG
UP TO 20% CASHBACK* | UP TO 30% CLEARANCE SALE DISCOUNT* | FREEBIES WORTH UP TO ₹6000* | EXCHANGE AVAILABLE*
ASSURED GIFTS*
IRON WORTH UP TO ₹2100* + PHILIPS AIR FRYER WORTH ₹8995
CONVERTIBLE
SIDE BY SIDE
HAIER 602L ₹59990* EMIs of ₹2994*
LG 650L ₹72990* 1 EMI FREE EMIs of ₹2999*
SAMSUNG 653L ₹75990* EMIs of ₹2990*
DOUBLE DOOR
HAIER 240L ₹19990* EMIs of ₹1490*
WHIRLPOOL 308L ₹29990* EMIs of ₹2490*
CONVERTIBLE SAMSUNG 350L ₹36990* EMIs of ₹2490*
*Prices inclusive of all offers BPL Haier IFB Godrej LG SAMSUNG Whirlpool
WORK & LEARN
ASUS VIVOBOOK GO AMD R3 7000 Series 16 GB RAM | 512 GB SSD ₹28999* EMIs of ₹1694*
LENOVO IDEAPAD Intel® Core™ i5 12th Generation H Processor | 16 GB RAM | 512 GB SSD ₹47999* EMIs of ₹4000*
GAMING
HP VICTUS AMD R7 8000 Series HS Processor 16 GB | 512 GB SSD | RTX 8 GB 4060 ₹73999* EMIs of ₹6583*
*Prices inclusive of all offers
5G Mobile Phones Starting from ₹7699*
POCO mi MOTOROLA
OPPO Reno13 Series 5G Starting from ₹26999*
Reno14 Series 5G 8 GB | 256 GB ₹34999* EMIs of ₹6333*
BENEFITS GET ₹3000* BANK CASHBACK
vivo Y400 8 GB | 128 GB ₹21999* EMIs of ₹6666*
V50 Starting from ₹25999*
BENEFITS GET UP TO 10% CASHBACK
*Prices inclusive of all offers
BEST DEAL
UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE UNLIMITED 5% OFF* NO MINIMUM OR MAXIMUM SPEND LIMIT
1T INVERTER ACs ₹18990*
1.5T INVERTER ACs ₹19990*
*Price after exchange & bank cashback
EUREKA FORBES SMART ROBOTIC VACUUM CLEANER ₹12499*
SCAN TO VISIT WEBSITE OR STORE
WIDEST RANGE OF LATEST TECH | NO-COST EMIs* | EXTENDED WARRANTY* | FREE DELIVERY* FASTEST INSTALLATION*
ALSO SHOP AT: SHOP ANY ELECTRONICS AT MY JIO STORE Jio DIGITAL LIFE
Unless specified, the retail prices shown are for 1 unit of the product.
Terms & Conditions Apply: General: Offers are on select brands & models only. Product visuals are for representational purpose only. Offers valid till stocks last. MRP of all products is inclusive of all taxes. Up to ₹15000 Instant Discount: SBI Card – CC Fullswipe: 10% discount up to ₹1 000 on transactions of ₹15 000 & above. Flat ₹3 000 discount on a minimum transaction of ₹50 000. Flat ₹6 000 discount on a minimum transaction of ₹1 00 000. Flat ₹ 10 000 discount on transactions above ₹1 50 000. CC EMI: 10% discount up to ₹2 000 on transactions of ₹15 000 & above. Flat ₹4 000 discount on a minimum transaction of ₹50 000. Flat ₹8 000 discount on a minimum transaction of ₹1 00 000. Flat ₹15 000 discount on transactions above ₹1 50 000. Offers applicable on purchase of select product & brands only. Offer is applicable across Reliance digital, My Jio Stores & www.reliancedigital.in from 15th August 2025 to 24th August 2025. UPI- 5% Unlimited Discount on UPI transactions – 5% unlimited discount on UPI transactions. Offer applicable on IT Accessories, Telecom Accessories & Tablets. Offers applicable across Reliance digital & My Jio Stores from 09th August 2025 to 17th August 2025. Up to 15% Assured Discount: Applicable for purchases above ₹10 000 and vouchers redeemable on website. 1 EMI Free: 1 EMI FREE will given to customer max up to ₹2 000 & applicable on select Products/Brands/schemes. offer validity:12th Aug to 17th Aug'25. 1 EMI FREE will be given to customer register Bank account with 45 days post 1 EMI clearance. For Paper Finance, benefit shall be given to the customer in form of cashback which shall be posted by respective financier as per their terms.Offers valid on select products only. For detailed offer terms, please visit your nearest store. Offer applicable once per card in Reliance Digital, Digital Select, Digital Mobiles, My Jio stores, Jiomart Signature stores.*GST will be applicable on all the FREE products. Please visit the website/store and read the detailed T&Cs. Reliance Retail reserves its right to amend, withdraw/modify the offers at any point of time without any notice. All disputes are subject to jurisdiction of Courts in Mumbai only.

### वार्ता का उद्देश्य यूक्रेन के साथ चल रही जंग को खत्म करना

# ट्रंप-पुतिन के शिखर सम्मेलन से पहले ब्रिटिश पीएम स्टॉर्मर से मिले जेलेंस्की

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने बृहस्पतिवार को लंदन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का स्वागत किया। अलास्का में अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले दोनों नेताओं की मुलाकात हुई है। जेलेंस्की की ब्रिटेन की यह यात्रा बर्लिन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कई यूरोपीय देशों के नेताओं के साथ वर्चुअल बैठकों में भाग लेने के एक दिन बाद हो रही है। इन नेताओं ने कहा कि ट्रंप ने उन्हें आश्वासन दिया है कि शुक्रवार को एंकोरेज में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के दौरान वह यूक्रेन में युद्धविराम को प्राथमिकता देंगे। जेलेंस्की और यूरोपीय देशों, दोनों को आशंका है कि द्विपक्षीय अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन उन्हें और उनके हितों को दरकिनार कर सकता है और कोई भी निष्कर्ष मास्को के पक्ष में जा सकता है जिससे यूक्रेन और यूरोप की भविष्य की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

### एक दिन पहले रूस को गंभीर नतीजे भुगतने की दी थी धमकी



### यूरोपीय देशों के नेताओं के साथ वर्चुअल बैठक

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों जैसे कुछ नेताओं ने बुधवार को ट्रंप के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस को सकारात्मक बताते हुए प्रशंसा की थी। बैठकों के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर पुतिन शुक्रवार की बैठक के बाद यूक्रेन के खिलाफ युद्ध रोकने पर सहमत नहीं होते हैं, तो रूस के लिए 'बेहद गंभीर परिणाम' होंगे।

### अमेरिका की फिर गीदड़भभकी

## अलास्का बैठक फेल, तो भारत पर बढ़ाएंगे टैरिफ

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने एक बार फिर भारत को टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी है। अमेरिका ने कहा है कि अगर यूक्रेन में युद्धविराम पर डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच सहमति नहीं बनती है तो हम भारत पर शुल्क बढ़ा देंगे। बात दें, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शुक्रवार, 15 अगस्त को बैठक होनी है। इससे यूक्रेन में तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे युद्ध के रुकने की उम्मीद बढ़ी है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत पर सेकेंडरी टैरिफ बढ़ाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि टैरिफ पर फैसला शुक्रवार को अलास्का में ट्रंप और पुतिन के बीच होने वाली बैठक के नतीजों पर निर्भर करेगा। बेसेंट ने कहा कि हमने रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर सेंकेडरी टैरिफ लगाया है। मुझे लगता है कि अगर हालात ठीक नहीं रहे तो प्रतिबंध या टैरिफ और ज्यादा बढ़ सकते हैं।

## मणिपुर में सात उग्रवादी समेत नौ लोग गिरफ्तार

**इंफाल (भाषा)।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व, काकचिंग, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिलों से विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के सात उग्रवादियों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स की एक संयुक्त टीम ने बुधवार को इंफाल पूर्वी जिले के नुगईपोकपी मनिंग लीकाई इलाके से वसूली में शामिल प्रतिबंधित कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। वसूली गतिविधियों में शामिल एक ही संगठन की दो महिलाओं सहित तीन उग्रवादियों को मंगलवार को काकचिंग जिले के वाबागई लमखाई इलाके से गिरफ्तार किया गया था। केसीपी (एमएफएल) के एक सक्रिय कैडर को बुधवार को इंफाल पूर्वी जिले के पंगलताबी माखा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कांगपोकपी जिले के कीथेलमनबी वेंगपी इलाके से वसूली करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया।

## शुभांशु के सप्ताहांत तक भारत आने की संभावना

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि अंतरिक्ष में कदम रखने वाले भारत के दूसरे और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के इस सप्ताहांत भारत आने की संभावना है। सिंह ने बताया कि शुक्ला अपने दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर सकते हैं। इसके बाद वह अपने परिवार से मिलने लखनऊ जाएंगे। मंत्री ने कहा कि शुक्ला 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में भाग लेने के लिए दिल्ली लौटेंगे। शुक्ला 'एक्सिओम-4' निजी अंतरिक्ष मिशन का हिस्सा थे जो 25 जून को फ्लोरिडा से रवाना हुआ और 26 जून को आईएसएस से जुड़ा। उन्होंने अमेरिका की पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोज उजनांस्की-विस्निवस्की और हंगरी के टिबोर कापु के साथ 18 दिन के मिशन के दौरान 60 से अधिक प्रयोग और 20 जनसंपर्क सत्र किए। 'एक्सिओम-4' मिशन का चालक दल लेकर जा रहा 'ड्रैगन' अंतरिक्ष यान 15 जुलाई को सैन डिएगो तट के पास प्रशांत महासागर में उतरा जिससे मिशन का सफल समापन हुआ। यह मिशन भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम 'गगनयान' के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है।

### कपिल शर्मा के कैफे में हमले का मामला

# एफबीआई ने अमेरिका से मलिक को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर अटैक केस में अब इंटरपोल की एंट्री हो गई है। दरअसल, सुरक्षा एजेंसी मामले के जांच में जुट गई है। अमेरिका में इस केस में छानबीन करते हुए फेडरल ब्यूरो इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने रणदीप सिंह उर्फ रणदीप मलिक को उसके घर से पकड़ा। रणदीप हरियाणा के जींद का रहने वाला है। रणदीप विदेश में रहकर लॉरेंस के कहने भारत में कई बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुका है। रणदीप लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सक्रिय सदस्य है। एफबीआई ने उसकी गिरफ्तारी की जानकारी भारतीय एजेंसियों के साथ साझा की है। फिलहाल उसे अमेरिका के जैक्सन पैरिश करेक्शनल सेंटर में रखा गया है। रणदीप चंडीगढ़ में क्लब में ब्लास्ट और दिल्ली के नादिर शाह मर्डर में आरोपी है। बता दें एनआईए भी रणदीप मलिक की तलाश में थी। वह अमेरिका में बैठकर भारत मे आतंक फैला रहा था और गिरोह में नए सदस्यों को जोड़ने का काम कर रहा था। जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि रणदीप से लॉरेंस के इंडिया में छिपे गुर्गों का पता चलेगा।

## जेल में बंद दो सांसद भी वोटिंग के पात्र



**नई दिल्ली।** आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव में लोकसभा के कम से कम दो सांसद डाक मतपत्र के जरिए वोट डालेंगे। यह चुनाव 9 सितंबर को होगा। केवल वे सांसद जो निरोधात्मक हिरासत में हैं, वे ही डाक मतपत्र से वोट दे सकते हैं। इनमें शेख अब्दुल राशिद (बरामूला)- आतंकी फंडिंग में ट्रायल का सामना कर रहे हैं और तिहाड़ जेल में बंद हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | डीएलएफ कॉलोनी पार्क, वार्ड नं. 16, रोहतक में फव्वारा हेतु सिविल कार्य और फव्वारा का निर्माण + 1 कार्य। | 12.08.2025 19.08.2025 | रु. 9.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में किला रोड के सौन्दर्यीकरण हेतु सजावटी लाइट्स की आपूर्ति व स्थापना। | 12.08.2025 19.08.2025 | रु. 15.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37701/I/88/6 दि. 14.08.25

### दक्षिण अफ्रीका में होगी जल निवेश परिषद की बैठक

## पीएम मोदी को राष्ट्रपति रामाफोसा ने दिया न्योता, वैश्विक नेताओं से होगी मुलाकात

एजेंसी ▶▶ केप टाउन

दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने पीएम नरेंद्र मोदी और कई अन्य शीर्ष विश्व नेताओं का स्वागत करते हुए जल निवेश पर एक नई वैश्विक पहल की शुरुआत की है। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी और अन्य विश्व नेताओं को जल निवेश पर वैश्विक दृष्टिकोण परिषद के परिषद सदस्य के रूप में आमंत्रित किया, जो सभी के लिए सुरक्षित जल सुनिश्चित करने के लिए जी-20 की एक पहल है। रामाफोसा ने केप टाउन में अफ्रीका वाटर इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन करते हुए कहा कि जल निवेश अब जलवायु और वित्तीय चर्चाओं में उपेक्षित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे केंद्र में लाना होगा। यह पहल जी20 के तहत शुरू किए गए ग्लोबल आउटलुक काउंसिल ऑन वाटर इन्वेस्टमेंट्स का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य सभी के लिए सुरक्षित जल सुनिश्चित करना है।



### *विश्व नेताओं की होगी भागीदारी*

*रामाफोसा ने परिषद के सदस्यों में पीएम मोदी के साथ ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शेनबाउम, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज और ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर के नाम घोषित किए। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और अफ्रीकी देशों के कई नेता भी इसमें शामिल हैं। रामाफोसा ने जोर देकर कहा कि जल को मानवाधिकार के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए और इसे किसी भी समुदाय, महिला या बच्चों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।*

## रेप केस में पूर्व विधायक राजबल्लभ बरी

**पटना।** बिहार के पूर्व आरजेडी विधायक राजबल्लभ यादव को पटना हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में उन्हें बाइज्जत बरी कर दिया है। इस फैसले ने निचली अदालत के उस निर्णय को पलट दिया, जिसमें राजबल्लभ को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

**GURU JAMBHESHWAR UNIVERSITY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY, HISAR**
**Established by State Legislature Act 17 of 1995**
**'A+' Grade NAAC Accredited**
**University Works Department**

**नीलामी सूचना**

सभी को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में पड़ी बालन लकड़ी व लकड़ी के लट्ठे (Log Wood) की सील बंद कुटेशन रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/कोरियर से दिनांक 20.08.2025 सुबह 11:00 बजे तक निदेशक, बागवानी विभाग, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्राप्त हो जानी चाहिए। खरीददार को जमानत राशि रुपये 25000.00 (रुपये पच्चीस हजार) डिमाण्ड ड्राफ्ट के रुप में अपनी कुटेशन के साथ जमा कराना होगा जो रजिस्ट्रार, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के पक्ष में देय होगा या स्वयं आकर दिनांक 20.08.2025 सुबह 11:00 बजे तक बागवानी विभाग, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दे सकते हैं व जमानत राशि रुपये 25000.00 (रुपये पच्चीस हजार) नगद जमा करवाने होंगे। बिना जमानत राशि के कुटेशन मान्य नहीं होगी। कुटेशन दिनांक 20.08.2025 को प्रातः 11:30 बजे नर्सरी में खोली जाएंगी। कुटेशन की शर्तें इच्छुक व्यक्ति निदेशक, बागवानी विभाग या सलाहकार लैण्डस्कैप (बागवानी) के कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान या विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.gjust.ac.in** पर देख सकता है। लकड़ी का अवलोकन प्रातः 9:00 बजे से 5:00 बजे तक विश्वविद्यालय की नर्सरी में कर सकते हैं। वांछित सूचना दूरभाष नंबर 01662-263500, 9896170184 पर भी प्राप्त की जा सकती है।

**निदेशक (बागवानी)**

संवाद 1237/11/150/2026/37733/C/88/6 दि. 14.08.25

O/o District child Protection Officer
District Child Protection Unit
Women & Child Development Department (Mission Vatsalya)
Mahendergarh at Narnaul

Mail-id- icpsnarnaul@gmail.com Ph. No. 01282-254721


**विज्ञापन**

**कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नारनौल।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.08.2025 को बस स्टैण्ड, महेन्द्रगढ़ के पास लगभग 2 वर्ष का एक लड़का मिला है। यदि उपरोक्त बच्चे का कोई संरक्षक/वारिस हो जो इस सूचना को पढ़ रहा हो, निम्न पते पर 2 महिने के अन्दर-अन्दर सुबह 9 से सांयः 5 बजे तक सम्पर्क करें, अन्यथा बच्चे को परित्यक्त मानकर गोद देने हेतु प्रक्रिया आरम्भ कर दी जाएगी।

बाल कल्याण समिति, महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल।
जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल।
गली न0-1, मोहल्ला शास्त्री नगर
नजदीक स्टार किड्स प्ले स्कूल, महेन्द्रगढ़ रोड़, नारनौल।
फोन न0-01282-254721

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**महिला एवम बाल विकास**
**महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल।**



पीआरडीएच 1128/11/549/2026/37736/88/6 दि. 14.08.25





रोहतक

शुक्रवार, 15 अगस्त 2025

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 196

पृष्ठ 16 मूल्य 3 .00

मौसम

अधि. 32.4

न्यूम. 24.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



haribhoomi.com


## लाल किले के आसपास 11,000 सुरक्षा कर्मी व स्नाइपर तैनात चप्पे-चप्पे पर रहेगी कड़ी नजर

# स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी में सुरक्षा चाक-चौबंद, पीएम मोदी आज लालकिले के प्राचीर से कर सकते हैं कई ऐलान

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी को स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर किले में तब्दील कर दिया है। ऊंची इमारतों पर 'स्नाइपर' तैनात किए गए हैं, पूरे शहर में कैमरे लगाए गए हैं और मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल लाल किले के आसपास 11,000 सुरक्षाकर्मियों और 3,000 यातायात पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस मौके पर वे देशवासियों के लिए कई ऐलान कर सकते हैं। मोदी स्वतंत्रता दिवस पर लगातार 12वीं बार लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री का यह संबोधन ऐसे समय पर हो रहा है जब 'ऑपरेशन सिंदूर' को कुछ महीने ही हुए हैं और विपक्षी दल चुनाव में कथित गड़बड़ियों को लेकर एकजुट होकर उनकी सरकार पर सवाल उठा रहे हैं।



### राष्ट्रगान बजाने वाले बैंड में पहली बार अग्निवीर, 85 सरपंच स्पेशल गेस्ट

15 अगस्त 2025 को 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस बार की थीम 'नया भारत' है। पीएम मोदी अपने संबोधन से अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को भारत का विजन देंगे। इस साल पहली बार राष्ट्रगान बजाने वाले बैंड में 11 अग्निवीर हिस्सा लेंगे। साथ ही इन्विटेशन कार्ड पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो और चिनाब पुल का वॉटरमार्क भी होगा। जो 'नए भारत' के उदय को दर्शाता है। इस बार की देशभर से 85 ग्राम सरपंचों को ग्रामीण परिवर्तन में उनके योगदान के लिए स्पेशल गेस्ट के तौर पर आमंत्रित किया गया है। गार्ड ऑफ ऑनर की कमान विंग कमांडर एएस सेखों संभालेंगे।

**इंदिरा गांधी के रिकॉर्ड को तोड़ेंगे**

*हाल में लगातार दो बार प्रधानमंत्री बनने के इंदिरा गांधी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने के बाद, मोदी अपने 12वें स्वतंत्रता दिवस संबोधन के साथ, लाल किले की प्राचीर से दिए गए इंदिरा के लगातार 11 भाषणों को पीछे छोड़ते हुए, इस मामले में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद दूसरे स्थान पर होंगे।*



## एक मिसाल के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा 'ऑपरेशन सिंदूर'

**नई दिल्ली(भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को स्वतंत्रता दि वस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाई, ऑपरेशन सिंदूर देश एवं सशस्त्र बलों के फौलादी संकल्प की सराहना की और कहा कि यह अभियान आतंकवाद के खिलाफ मानवता की लड़ाई में एक मिसाल के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा। इसके अलावा राष्ट्रपति ने 24 मिनट के संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर, कश्मीर रेल प्रोजेक्ट, विकास, लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर बात रखी। उन्होंने भारत की इस सामरिक सफलता के साथ ही आर्थिक विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, राष्ट्रीय खेल नीति, कल्याणकारी योजनाओं के लाभ, डिजिटल भुगतान की कामयाबी तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने पहलगाम हमले की भर्त्सना करते हुए कहा कि यह कायरतापूर्ण और नितांत अमानीय कृत्य था। मुर्मू ने कहा, 'इस वर्ष, हमें आतंकवाद का दंश झेलना पड़ा। कश्मीर घूमने गए निर्दोष नागरिकों की हत्या, कायरतापूर्ण और नितांत अमानवीय थी। इसका जवाब भारत ने फौलादी संकल्प के साथ निर्णायक तरीके से दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया कि जब राष्ट्र की सुरक्षा का प्रश्न सामने आता है तब हमारे सशस्त्र बल किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम सिद्ध होते हैं। रणनीतिक स्पष्टता और तकनीकी दक्षता के साथ, हमारी सेना ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया।' उन्होंने कहा, ''मेरा विश्वास है कि ऑपरेशन सिंदूर, आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की लड़ाई में एक मिसाल के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा। राष्ट्रपति ने इस बात को रेखांकित किया, ''हमारी एकता ही हमारी जवाबी कार्रवाई की सबसे बड़ी विशेषता थी। यही एकता, उन सभी तत्वों के लिए सबसे करारा जवाब भी है जो हमें विभाजित देखना चाहते हैं। उनके अनुसार, भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट करने के लिए, विभिन्न देशों में गए संसद-सदस्यों के बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में भी हमारी यही एकता दिखाई दी। मुर्मू ने कहा कि विश्व समुदाय ने भारत की इस नीति का संज्ञान लिया है कि हम आक्रमणकारी तो नहीं बनेंगे, लेकिन अपने नागरिकों की रक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई करने में तनिक भी संकोच नहीं करेंगे।

- स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति का संबोधन
- सेना ने सीमापार आतंकी ठिकाने तबाह किए

# पाक के 9 आतंकवादी ठिकाने तबाह करने वाले वायुसेना के 9 अफसरों को वीर चक्र

## स्वतंत्रता दिवस पर ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले बहादुर सम्मानित, बीएसएफ के भी 18 जवानों को वीरता मेडल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ऑपरेशन सिंदूर में बहादुरी और साहस दिखाने वाले आर्म्ड फोर्स के 86 जवानों को गैलेंट्री अवॉर्ड देने का ऐलान हुआ है। वायुसेना के 52 जवानों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वायुसेना के 9 अधिकारियों को वीर चक्र से नवाजा गया है। इनमें ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले फाइटर पायलट भी शामिल हैं। परमवीर चक्र और महावीर चक्र के बाद दिया जाने वाला यह तीसरा सबसे बड़ा पुरस्कार है। सरकार ने आर्म्ड फोर्स के 7 ऑफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक दिया है। इनमें एयरफोर्स के 3, आर्मी के 2 और नेवी के एक ऑफिसर हैं। इससे पहले ये पदक कारगिल युद्ध के समय दिए गए थे। वहीं भारतीय थल सेना के 18 जवानों को वीरता मेडल से सम्मानित किया गया है। भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि 2 सीनियर इंडियन आर्मी ऑफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। वहीं 4 कीर्ति चक्र, 4 वीर चक्र और 8 शौर्य चक्र दिए गए हैं।

### एयरफोर्स के ये जवान सम्मानित

| नाम | सम्मान |
|---|---|
| विंग कमांडर अभिमन्यु सिंह | शौर्य चक्र |
| ग्रुप कैप्टन रंजीत सिंह सिद्धू | वीर चक्र |
| ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा | वीर चक्र |
| ग्रुप कैप्टन अनिमेष पाटनी | वीर चक्र |
| ग्रुप कैप्टन कुणाल कालरा | वीर चक्र |
| विंग कमांडर जॉय चंद्रा | वीर चक्र |
| स्क्वाड्रन लीडर सार्थक कुमार | वीर चक्र |
| स्क्वाड्रन लीडर सिद्धांत सिंह | वीर चक्र |
| स्क्वाड्रन लीडर रिजवान मलिक | वीर चक्र |
| फ्लाइट लेफ्टिनेंट अर्शवीर सिंह ठाकुर | वीर चक्र |

- आर्म्ड फोर्स के 7 अफसरों को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक
- इनमें एयरफोर्स के 3, आर्मी के 2 और नेवी का एक अफसर

### सेंट्रल-स्टेट फोर्स के 1090 पुलिसकर्मियों को सेवा पदक

केंद्र सरकार ने सेंट्रल और स्टेट फोर्स के 1090 पुलिसकर्मियों को सेवा पदक देने की घोषणा की है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, 233 पुलिसकर्मियों को वीरता मेडल, 99 को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक और 758 को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इनमें फायर सर्विस, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस पर्सनल भी शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर के सबसे ज्यादा 152 पुलिसकर्मियों को वीरता मेडल मिले हैं।

- पूर्व पश्चिमी नौसेना कमांडर वाइस एडमिरल एसजे सिंह को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक और नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती को उत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा।
- पहली बार सेना के 2 अग्निवीरों सेवन सिख इन्फैंट्री के अग्निवीर कुलवीर और 851 लाइट रेजिमेंट के अग्निवीर मूंद मुरलीनायक को सेना पदक (वीरता) के लिए चुना।

# हरियाणा पुलिस के 13 जवानों का सम्मान, 2 को राष्ट्रपति पदक

### सीपी सिबाश कबिराज और आईजी कुलदीप को राष्ट्रपति पदक



सिबाश कबिराज, पुलिस कमिश्नर; कुलदीप सिंह, आईजी; सुरेश कुमार, डीएसपी; राजेश कुमार, एससीपी; रिषी पाल, इंस्पेक्टर; राजेश कुमार, इंस्पेक्टर; जोगेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर; अशोक कुमार, इंस्पेक्टर; धर्मेन्द्र, इंस्पेक्टर; हरकेश, इंस्पेक्टर; महाबीर सिंह, इंस्पेक्टर; यशपाल सिंह, सब इंस्पेक्टर; सोहन लाल, सब इंस्पेक्टर

*स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हरियाणा पुलिस के 13 जवानों को पुलिस पदकों से सम्मानित किया गया है। इनमें सीपी सिबास कबिराज और आईजी कुलदीप सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक और 11 अन्य अधिकारियों व जवानों को पुलिस पदक प्रदान किए गए हैं। डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने पुलिस बल को बधाई दी है।*









रोहतक

शुक्रवार, 15 अगस्त 2025

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 196
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 32.4
न्यून. 24.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

haribhoomi.com


## खबर संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य के दर्जे पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्र से जवाब देने को कहा। सीजेआई बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर भी गौर किया कि ''निर्णय लेने की प्रक्रिया में कई विचार शामिल हैं।'' भाषा

### बैंक खातों में 110 करोड़ के लेनदेन पर रोक

**नई दिल्ली।** ईडी ने साइप्रस स्थित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पारिमैच के भारतीय संचालन के खिलाफ हाल में की गई छापेमारी के बाद, संदिग्ध बैंक खातों में रखे 110 करोड़ रुपये की राशि के लेनदेन पर रोक लगा दी गई और 1,200 क्रेडिट कार्ड जब्त कर लिए गए हैं। भाषा

### 9 साल बाद भारत की साख बीबीबी हुई

**नई दिल्ली।** साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय मजबूती के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता और महंगाई को काबू में लाने के लिए बेहतर मौद्रिक नीति उपायों का हवाला देते हुए 19 साल बाद भारत की रेटिंग बढ़ायी है। भाषा

# हटाए गए 65 लाख मतदाताओं का विवरण कारण समेत प्रकाशित करे चुनाव आयोग

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

» **सुप्रीम कोर्ट के आदेश, ईसी मंगलवार तक बताए क्या कर रहे**

» **एसआईआर में पारदर्शिता जरूरी, नाम क्यों काटे गए, इसकी वजह भी बताएं**

» **यह सूचना सभी प्रमुख समाचार पत्रों, टीवी, रेडियो द्वारा प्रचारित की जाए**

» **आधार कार्ड को भी वैध दस्तावेज माना जाएगा, पारदर्शिता बनाए रखें**

सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि वह बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख मतदाताओं का विवरण प्रकाशित करे और साथ ही उन्हें शामिल न करने के कारण भी बताए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में मतदाता सूची की एसआईआर कराने के 24 जून के निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। इसने कहा कि 65 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में थे, लेकिन मसौदा सूची से हटा दिए गए थे। मसौदा सूची को एक अगस्त को प्रकाशित किया गया था। जिन लोगों की मृत्यु हो गई है, जो पलायन कर गए हैं या अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में चले गए हैं, उनके नामों की सूची पंचायत स्तर के कार्यालय और जिला स्तर के निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालय में कारणों समेत प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया।

### व्यापक प्रचार भी किया जाए



पीठ ने टेलीविजन, समाचार चैनलों और रेडियो के अलावा स्थानीय भाषाओं एवं अंग्रेजी दैनिकों समेत समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार करने पर जोर दिया, ताकि लोगों को उन स्थानों के बारे में जानकारी दी जा सके जहां सूची उपलब्ध होगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि नाम हटाए जाने से जिन लोगों को दिक्कत है, उन्हें अपने आधार कार्ड के साथ निर्वाचन अधिकारियों से संपर्क करने की अनुमति दी जाती है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 अगस्त की तारीख निर्धारित करते हुए आयोग से उसके निर्देश की अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा।

■

*सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि, 'मंगलवार तक चुनाव आयोग यह बताए कि वह पारदर्शिता के लिए क्या कदम उठाने जा रहा है।' इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने 3 दिन का वक्त चुनाव आयोग को दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि 'जिन लोगों ने फॉर्म जमा किए हैं, वे फिलहाल मतदाता सूची में शामिल हैं।'*

### राजनीतिक विद्वेष के माहौल में काम कर रहे : द्विवेदी

निर्वाचन आयोग द्वारा मसौदा सूची में पहले से पंजीकृत मतदाताओं को शामिल न करने के लिए बताए गए कारणों में मृत्यु (22.34 लाख), 'स्थायी रूप से स्थानांतरित/अनुपस्थित' (36.28 लाख) और ''पहले से ही नामांकित (एक से अधिक स्थानों पर)' (7.01 लाख) शामिल थे। निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि उसके (निर्वाचन आयोग) पास कुछ निर्णय लेने के लिए पर्याप्त शक्तियां हैं, लेकिन उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि निर्वाचन आयोग 'तीव्र राजनीतिक विद्वेष के माहौल' में काम कर रहा है, जहां उसके ज्यादातर फैसलों को चुनौती दी जाती है।



# आवारा कुत्तों की समस्या स्थानीय अधिकारियों की निष्क्रियता से : सुको

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की सारी समस्या स्थानीय अधिकारियों की 'निषक्रियता' के कारण है, जिन्होंने इस मामले में 'कुछ नहीं' किया। आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाकर आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने का आदेश देने वाली पीठ के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए एक नई पीठ का गठन किया है। इस पीठ में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया शामिल हैं। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अन्य वकीलों और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद, इस मामले में 11 अगस्त के एक अलग पीठ के फैसले पर रोक लगाने के अनुरोध वाली अंतरिम याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि यहां कई ऐसे मांसाहारी लोग हैं, जो खुद को पशु प्रेमी बताते हैं। वहीं, कपिल सिब्बल ने कहा कि मामले का समाधान हो। दिल्ली-एनसीआर में कुत्तों को इकट्ठा कर ऐसे शेल्टर होम भेजें, जो अभी हैं ही नहीं।

### पिछली सुनवाई में यह कहा था

न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने 11 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के अधिकारियों से सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाकर आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। पीठ ने अधिकारियों से शुरुआत में 5,000 कुत्तों के लिए आश्रय स्थल बनाने को कहा था।

### अब यह कहा

हालांकि, तीन न्यायाधीशों की पीठ ने बृहस्पतिवार को टिप्पणी की, पूरी समस्या स्थानीय अधिकारियों की निषक्रियता के कारण है। आप संसद में नियम बनाते हैं। सरकार काम करती है, नियम बनाए जाते हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन नहीं होता, जिससे आज भी समस्या बनी हुई है।' एक ओर, इंसान पीड़ित हैं और दूसरी ओर, पशु प्रेमी चाहते हैं कि जानवरों के साथ भी सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड, स्थानीय अधिकारियों और सरकार ने इस मामले में कुछ नहीं किया। अदालत ने कहा, एनजीओ बहुत शोर मचाते हैं, लेकिन उन्हें पता ही नहीं है कि उन्हें असल में क्या करना चाहिए।

# जुबान काबू में रखें पाक नेता, किसी भी दुस्साहस के बुरे नतीजे होंगे: भारत

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत ने पाकिस्तान को 'नफरती' बयानबाजी नहीं करने की चेतावनी देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि किसी भी दुस्साहस के 'कष्टकारी परिणाम' होंगे। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी नेताओं को जुबान पर कंट्रोल रखने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तानी नेता भारत के खिलाफ गैर-जिम्मेदार, युद्ध भड़काने वाले और नफरत फैलाने वाले बयान दे रहे हैं। वे अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए बार-बार ऐसे बयान देते हैं। उन्हें अपनी जुबान पर कंट्रोल रखना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने कोई गलत कदम उठाया तो उसका नतीजा बहुत बुरा होगा।

### परमाणु धमकी दी थी

**'नफरती' टिप्पणियों पर विदेश मंत्रालय की दो टूक**

पिछले 48 घंटों में 3 पाकिस्तानी नेताओं ने भारत के खिलाफ धमकी भरे बयान दिए हैं। इनमें पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो शामिल हैं। मुनीर ने भारत को परमाणु धमकी दी थी। जायसवाल ने कहा, 'हमने पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से भारत के खिलाफ लगातार की जा रही लापरवाह, युद्धोन्मादी और घृणास्पद टिप्पणियों से जुड़ी खबरें देखी है।'

**सरकार ने स्माइल योजना के तहत बचाव व पुनर्वास अभियान किया शुरू**

# प्रदेश में बाल भिक्षावृत्ति पर लगेगी रोक, स्माॅइल योजना से पुनर्वास

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में अब बाल भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने के लिए सरकार ने रोडमैप तैयार कर लिया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने प्रदेश में संगठित बाल भिक्षावृत्ति पर कड़ा संज्ञान लेते हुए राज्यस्तरीय अंतर-विभागीय बैठक आयोजित की हैं। इनमें पुलिस, बाल संरक्षण, स्वास्थ्य, श्रम और सामाजिक कल्याण विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बाल भिक्षावृत्ति के मूल कारणों को समाप्त करने और इसे जड़ से मिटाने के लिए रोडमैप तैयार किया गया। जिसके तहत हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एचएससीपीसीआर) ने केंद्र सरकार की स्माइल योजना के तहत एक राज्य समर्थित बचाव और पुनर्वास पहल शुरू कर दी है।

### तीन चरणों में लागू होगी योजना

- पहले चरण में जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग व सरकारी संगठनों हॉटस्पॉट जैसे कि ट्रैफिक लाइट, धार्मिक स्थल और बाजार का सर्वे किया जाएगा। अनाथ, परित्यक्त बच्चों की पहचान होगी।
- दूसरे चरण में जिला टास्क फोर्स द्वारा तत्काल आश्रय की आवश्यकता वाले बच्चों का बचाव किया जाएगा पुनर्वास योजना बनाई जाएगी।
- तीसरे चरण में पुनः शोषण और मानव तस्करी रोकने पर फोकस व पुनर्वासित बच्चों की निगरानी होगी।






## आज़ादी की 79वीं वर्षगांठ पर स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें

**आर्थिक आज़ादी** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की। आज भी हर साल विदेशी कंपनियाँ व्यापार के नाम पर देश से हजारों-लाखों करोड़ रुपए विदेश ले जाती हैं। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। अर्थ से परमार्थ (Prosperity for Charity): पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे। आज स्वतंत्रता दिवस पर 100% स्वदेशी को अपनाने का व्रत लेकर शहीदों के सपनों का भारत बनाएं।

**शिक्षा की आज़ादी** 1835 में मैकाले द्वारा स्थापित गुलामी की शिक्षा व्यवस्था को तोड़ें। भारतीय शिक्षा बोर्ड से अपने विद्यालयों को जोड़ें (Affiliate करें)। अपने बच्चों को BSB से सम्बद्ध विद्यालयों में ही पढ़ाने का व्रत लेकर दिव्य व्यक्तित्व, नेतृत्व व चरित्र से युक्त युवा पीढ़ी के निर्माण के लिए सब साथ आएं, शिक्षा की गुलामी से भारत माता को आज़ादी दिलाएं।

**चिकित्सा की आज़ादी** ड्रग माफिया व मेडिकल माफिया का षड्यंत्र नाक़ामयाब हुआ है, अन्ततः सत्य की विजय हुई। बीमारियों को मेन्टेन करने के लिए सिंथेटिक दवाइयों को बायकॉट कीजिए। योग, आयुर्वेद से बीमारियों को जड़ से मिटाने के लिए देश भर में फैले 10 हजार से अधिक पतंजलि सेन्टर्स में चिकित्सा का लाभ लीजिए। पतंजलि की रीसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन्स को अपनाइए। निःशुल्क चिकित्सा परामर्श के लिए सम्पर्क कीजिए: 1800 296 1111

श्रेष्ठतम् इंटीग्रेटेड ट्रीटमेन्ट के लिए पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम में आइए। बुकिंग के लिए सम्पर्क करें: 8954666111, 8954666222 (प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

**वैचारिक व सांस्कृतिक आज़ादी** सनातन धर्म के शाश्वत मूल्यों, आदर्शों व सिद्धान्तों को जन-जन की जीवनशैली बनाकर सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने के लिए पतंजलि संस्था व संगठन से जुड़ें। योगगुरु स्वामी रामदेव जी को प्रतिदिन प्रातः 5:00 से 7:30 व रात्रि 8:00 बजे आस्था LIVE चैनल व रोज सुबह 7:56 बजे INDIA TV चैनल एवं रात्रि 9:00 बजे संस्कार THE CHANNEL OF INDIA पर देखें।




**डेन्टल केयर** देश का नं. 1 टूथपेस्ट व फ्रेशनेस का नया अवतार दन्त कान्ति फ्रेश एक्टिव जैल।




**हेयर केयर** जड़ी-बूटियों की ताक़त से प्राकृतिक पोषण देकर हेयर फॉल व डैंड्रफ आदि से मुक्ति दिलाए।




**पर्सनल केयर** एलोवेरा, हल्दी, गुलाब आदि के गुणों से त्वचा में पाएं प्राकृतिक निखार।




**फूड प्रोडक्ट्स** देश का नं. 1 काउ मिल्क बिस्किट, हेल्दी कुकीज़ व नूडल्स, मैदा व ट्रांस फैट रहित। देश का नं. 1 गाय का घी, सरसों तेल व राइस ब्रान ऑयल आदि हेल्दी प्रोडक्ट्स।




**हेल्थ केयर** पतंजलि की किसी दवा पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। हमारी सभी औषधियां पतंजलि केन्द्रों व मुख्य स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।




**होम केयर** हानिकारक केमिकल से बने उत्पादों का बहिष्कार करें। पतंजलि के स्वदेशी व सात्विक उत्पादों को अपनाकर देश सेवा में योगदान दें।

# विभाजन विभीषिका के विषय को स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

## फरीदाबाद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस : 1947 के बंटवारे की त्रासदी में शहीद पूर्वजों को दी श्रद्धांजलि




■ मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री व अन्य नेताओं ने किया नमन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फरीदाबाद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 1947 के भारत विभाजन की भीषण त्रासदी का स्मरण करते हुए लाखों विस्थापित परिवारों की पीड़ा और संघर्ष को नमन किया। इस मौके पर उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि विभाजन से संबंधित साहित्य एवं दस्तावेजों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी ताकि लोगों को विभाजन के बारे में जानकारी मिल सके। साथ ही, विभाजन विभीषिका के विषय को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा, ताकि हमारे पूर्वजों ने जो अत्याचार सहे उनकी जानकारी आने वाली पीढ़ियों को मिल सके। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक परंपराओं के कारण बेटियों की शादी के बाद उनका नाम बदल दिया जाता है और दस्तावेजों में नाम बदलने के कारण दिक्कतें आती हैं, इसके लिए हरियाणा सरकार द्वारा नाम में संशोधन करने के लिए एक विशेष प्रावधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कुरुक्षेत्र में विभाजन विभीषिका स्मृति स्मारक के निर्माण के लिए 51 लाख रुपये देने की घोषणा की।

### लाखों लोगों के जीवन को झकझोरा : मनोहर

केंद्रीय बिजली, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी से पहले देश का विभाजन होना एक ऐसी घटना थी, जिसने लाखों लोगों के जीवन को झकझोर दिया। उन्होंने कहा कि उस दौर में लोग जान बचाने के लिए नहीं, बल्कि देश प्रेम और अपने धर्म पर अडिग रहे।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द में पुराने लोनिवि विश्राम गृह भवन की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 19.08.2025 | 89.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | रतिया, जिला फतेहबाद में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स (ज्यूडिशियल ब्लॉक) में लिफ्ट का प्रावधान। | 12.08.2025 20.08.2025 | 15.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में (हैड 5054-ग्रुप-10 के तहत) कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न 2 अदद रोड को चौड़ा करने / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत। दीघोट से नांगल ग्वाई (आईडी 10721) आरडी 0 से 3.60 कि.मी. और दीघोट से सेलोठी (आईडी 12142) आरडी 0.00 से 4.22 कि.मी. पर 80 मिमी आईपीबी (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 23.08.2025 | 530.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में (हैड 5054-ग्रुप-11 के तहत) कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न 2 अदद रोड को चौड़ा करने / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत। डराना से भिदुकी (आईडी 9218) आरडी 0 से 3.50 कि.मी. के निर्माण पर 80 मिमी आईपीबी और गुढराना से बंचारी (आईडी 12146) आरडी 0 से 2.41 कि.मी. पर 80 मिमी आईपीबी (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.08.2025 | 656.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, मण्डी डबवाली | मूनावाली :- 'बूस्टिंग स्टेशन, यूजीआर 5.49 × 3.66 मी., पीसी 3.66 × 3.05 मी., चारदिवारी, पम्पिंग मशीनरी के निर्माण, जलघर पर सिविल संरचनाओं अर्थात एस/एस टैंक, एफबी, सीडब्ल्यूटी, पीसी चारदिवारी की मरम्मत, टायलेट ब्लॉक, रोड व पथ, वितरण प्रणाली का निर्माण, हाउस कनेक्शन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य हेतु डीएनआईटी', सीएच. हैड :- मूनावाली :- गांव मूनावाली, जिला सिरसा में मौजूदा जलघर संरचनाओं की मरम्मत, वितरण पाइप लाइन बिछाने हेतु आकलन (जन संवाद के दौरान मांग)। | 13.08.2025 04.09.2025 | 120.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 6 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | सिटी बस सेवाओं के लिए डीटीआई, मुरथल, सोनीपत, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 14.08.2025 15.09.2025 | 1237 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 7 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | सिटी बस सेवाओं के लिए बालदी पार्क, करनाल हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 14.08.2025 15.09.2025 | 1327 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 8 | जिला परिषद पानीपत | साई बाबा मंदिर के पास तालाब के निकट एक पाथवे का निर्माण और बार्ब्ड वायर की स्थापना। | 13.08.2025 19.08.2025 | 26.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज कैथल | गांव जाखौली डबदाल ब्लॉक राजौंद में मेन गली से कृष्ण चमार के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण + 2 कार्य। | 12.08.2025 18.08.2025 | 56.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | गांव अलीपुर खालसा में कैमला रोड पर भाठा के निकट अतिरिक्त हॉल का निर्माण, सी.एम. कोड 27544 + 2 कार्य। | 13.08.2025 03.09.2025 | 157.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज करनाल | गांव गोल्ली, ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में जीएसएसएस में किचन शैड और 10 कमरों की फ्लोर टाइल का निर्माण, स्कीम डी-प्लान + 2 कार्य। | 13.08.2025 03.09.2025 | 35.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज करनाल | गांव बलेहरा, ब्लॉक घरौंडा, जिला करनाल में पंचायत भवन का निर्माण। | 12.08.2025 02.09.2025 | 37.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज करनाल | गांव उपलाना ब्लॉक असंध जिला करनाल में गौशाला में शैड का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 2 कार्य। | 12.08.2025 28.08.2025 | 42.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज झज्जर | गांव छप्पार, ब्लॉक माछरौली, जिला झज्जर में स्टेडियम का विकास। | 13.08.2025 19.08.2025 | 14.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज पिंजौर | गांव जोहरीवाला जीपी-मंगनीवाला, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 13.08.2025 19.08.2025 | 20.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2026/300/37726/I/88/6 दि. 14.08.25


# प्रदेश में 37262 बुजुर्ग अकेले अब सरकार रखेगी ख्याल



■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं तैयार की भावनात्मक योजना

**चंडीगढ़।** हरियाणा की नायब सैनी सरकार सूबे के 37262 अकेले वृद्ध लोगों का पूरा ख्याल रखने की तैयारी में है, इनके प्रति भावनात्मक अभियान चलाकर देखभाल की जाएगी। वरिष्ठजनों की देखभाल औऱ सम्मान सहित नायब सैनी सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम उठाने का फैसला लिया है। भावनात्मक योजना को मुख्यमंत्री की ओर से स्वयं तैयार किया गया है। डॉ. सतीश खोला, परिवार पहचान प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ.सतीश खोला ने रेवाड़ी जिले के गांव गिदोखर में जन संपर्क और सरकारी योजनाओं के जागरूकता कार्यक्रम अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में एक विशेष रूप से भावनात्मक और प्राथमिक वर्ग की पहचान की है, ऐसे परिवार जिनमें केवल एक ही वृद्ध सदस्य (आयु 80 वर्ष या उससे अधिक) है और जिनकी सत्यापित वार्षिक आय ,80,000 से कम है। जिनकी संख्या 37262 चिह्नित की गई है।

## हाईकोर्ट में पेश न होने पर जांच अधिकारी पर दस हजार जुर्माना

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक जांच अधिकारी पर दस हजार का जुर्माना लगाया, जो केस डायरी के साथ उपस्थित रहने के कोर्ट के निर्देश का पालन करने में विफल रहा। कोर्ट उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एक सुरक्षा याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने कथित तौर पर याचिकाकर्ता के खाते से 6.4 लाख रुपए से अधिक की राशि निकाल ली और उसे साइबर अपराध के एक मामले में उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना गिरफ्तार कर लिया। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले के जांच अधिकारी को तलब किया था। जस्टिस सुमित गोयल ने कहा कि हेड कांस्टेबल मनीषा राज्य के वकील की सहायता के लिए अदालत में उपस्थित हुई हैं और संबंधित जांच अधिकारी आज न तो उपस्थित हुए हैं और न ही इस अदालत द्वारा पहले पारित आदेश का पालन किया।

## ईआरवी की कार्यक्षमता व प्रदर्शन को लेकर डीजीपी ने ली बैठक

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल (ईआरवी) की कार्यक्षमता एवं प्रदर्शन को पहले की अपेक्षा बेहतर बनाने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। डीजीपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता को आपातकालीन स्थिति में त्वरित, भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके लिए ईआरवी को निरंतर सुदृढ़ किया जाना अत्यंत आवश्यक है। डीजीपी हरियाणा ने ईआरवी की कार्यक्षमता बढ़ाने के दिए निर्देशडीजीपी हरियाणा ने कहा कि ईआरवी पुलिस की प्रथम प्रतिक्रिया जनता के भरोसे को बनाए रखने के लिए इनकी सेवाएं तेज़, सटीक और संवेदनशील होनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# युवाओं को तोहफा : एचपीएससी की परीक्षाओं का कैलेंडर जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) ने दिसंबर-2025 तक आयोजित होने वाली परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया है। आयोग ने नवंबर तक आयोजित होने वाले स्क्रीनिंग टेस्ट (प्री) और सब्जेक्ट नालेज टेस्ट (मेन) की नए सिरे से तिथियां तय कर दी हैं। जारी परीक्षाओं की तिथियों के अनुसार, इस वर्ष सितंबर से दिसंबर तक 49 परीक्षाएं आयोजित कराएगा। इसमें 18 स्क्रीनिंग टेस्ट और 31 सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट से जुड़ी परीक्षाएं आयोजित कराईं जाएंगी।एचपीएससी ने संशोधित कैलेंडर जारी किया है जिसमें 2025 में परीक्षाओं और इस बीच होने वाली भर्तियों का ब्योरा दिया गया है। असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी की परीक्षा के लिए सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट 5 अक्टूबर को होगा। असिस्टेंट प्रोफेसर गणित के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट 28 सितंबर को होगा और 7 दिसंबर को सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट का आयोजन होगा। असिस्टेंट प्रोफेसर संस्कृत, एनवायरमेंट साइंस और होम साइंस के लिए 12 अक्टूबर को स्क्रीनिंग टेस्ट होगा जबकि 14 दिसंबर को सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट होगा। इसी तरह असिस्टेंट प्रोफेसर कॉमर्स के लिए 9 नवंबर को स्क्रीनिंग टेस्ट और 21 दिसंबर को सब्जेक्ट नालेज टेस्ट होगा। इतिहास विषय के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर पदों के लिए 14 दिसंबर को सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट की तिथि तय हुई है।

### परीक्षाओं का आयोजन

2 नवंबर को ट्रेजरी ऑफिसर/ असिस्टेंट ट्रेजरी ऑफिसर, एडीओ (एग्रीकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर) एग्रीकल्चर, असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी, असिस्टेंट इंजीनियर (एई) सिविल, नगर निगम इंजीनियर सिविल व एसडीई (सब डिविजनल इंजीनियर), असिस्टेंट एनवायरमेंटल इंजीनियर, वैज्ञानिक ग्रुप-बी, लेक्चरर कंप्यूटर साइंस, लेक्चरर पदों में फार्मेसी, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, फोरमैन इंस्ट्रक्टर के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन होगा। 15 सितंबर को लेक्चरर पदों में एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, फूड टेक्नोलॉजी, आर्किटेक्चर के लिए सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट का आयोजन होगा। 17 सितंबर को लेक्चरर पदों के लिए इंस्ट्रूमेंट-कंट्रोल इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, फैशन टेक्नोलॉजी, मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी के लिए सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट होगा। 19 सितंबर को लेक्चरर पदों के लिए टेस्ट होगा।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

# वयस्कों को सहमति से जीवनसाथी चुनने का अधिकार : दिल्ली उच्च न्यायालय

युवा जोड़े को सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया

***परिवार की इच्छा के विरुद्ध किया था विवाह***

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दो वयस्कों के आपसी सहमति से एक-दूसरे को जीवनसाथी चुनने और साथ रहने के अधिकार को ''उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता का एक पहलू'' बताया है, जो परिवार की अस्वीकृति के दायरे से मुक्त है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने पांच अगस्त को जारी एक आदेश में कहा, ''उच्चतम न्यायालय ने बार-बार इस स्थिति की पुष्टि की है और पुलिस को ऐसे जोड़ों को धमकी या नुकसान से बचाने का निर्देश दिया है।'' अदालत ने पुलिस को एक युवा जोड़े को सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया, जिन्होंने अपने-अपने परिवार की इच्छा के विरुद्ध विवाह किया था और अब उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। आदेश में कहा गया है, ''दो वयस्कों का एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में चुनने और शांति से साथ रहने का अधिकार अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गरिमापूर्ण जीवन का एक पहलू है। परिवार की अस्वीकृति उस स्वायत्तता को कम नहीं कर सकती।'' दंपति ने साथ रहने के लिए अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के वास्ते अदालत से हस्तक्षेप का अनुरोध किया है।

# हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं : उच्चतम न्यायालय ने याचिका पर केंद्र, डीजीसीए से जवाब मांगा

कहा, चिंता कई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं होने को लेकर

***हादसों में कई परिवारों ने गंवाई हैं अपनी जानें***

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को लेकर दायर एक याचिका पर बृहस्पतिवार को केंद्र समेत अन्य पक्षों से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने याचिका पर केंद्र, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और उत्तराखंड सरकार समेत अन्य को नोटिस जारी किए। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा, ''चिंता कई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं होने को लेकर है, खासकर केदारनाथ की ओर।'' पीठ ने मामले की सुनवाई चार हफ्ते बाद के लिए निर्धारित की। पंद्रह जून को, केदारनाथ मंदिर से तीर्थयात्रियों को ले जा रहा एक हेलीकॉप्टर खराब दृश्यता के कारण गौरीकुंड के जंगलों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले सात लोगों में दो वर्षीय एक बच्चा और पायलट शामिल थे। तीस अप्रैल को चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से यात्रा मार्ग पर यह पांचवां हेलीकॉप्टर हादसा था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि उसने चारधाम यात्रा के लिए कंपनी के हेलीकॉप्टर परिचालन को निलंबित कर दिया है और डीजीसीए को केदारनाथ घाटी में सभी हेलीकॉप्टर उड़ानों की निगरानी के लिए उड़ान सुरक्षा और परिचालन से संबंधित अधिकारियों को तुरंत तैनात करने का निर्देश दिया है।

## पटना में विषाक्त भोजन खाने से 3 बच्चों की मौत

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के खिरीमोड़ इलाके में कथित तौर पर जहरीला भोजन खाने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गयी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इस की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वालों की पहचान निधि कुमारी (8), उसके दो भाई विकास कुमार (6) एवं मोहित कुमार (4) के रूप में हुई है। घटना सोमवार रात की है, जब बच्चों ने रात का खाना खाने के बाद पेट दर्द की शिकायत की।

## कन्नड़ अभिनेता दर्शन कोर्ट में सरेंडर करें

**चेन्नई।** कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता दर्शन थूगुदीपा का नाम सनसनीखेज हत्या मामले में चर्चा में है। जून 2024 में हुए रेनुका स्वामी मर्डर केस ने पूरे कर्नाटक को हिला दिया था, इस केस में दर्शन समेत कई लोगों पर गंभीर आरोप लगे। कर्नाटक हाईकोर्ट ने दिसंबर 2024 में उन्हें जमानत दे दी थी।







## खबर संक्षेप

### इंडियन ऑयल का लाभ दोगुना होकर हुआ 5689 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना होकर 5,688.60 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। विपणन मार्जिन बेहतर होने से कंपनी के लाभ में बढ़ोतरी हुई है। समान तिमाही में इंडियन ऑयल ने 2,643.18 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### हिंदुस्तान कॉपर का शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान कॉपर का अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 134.28 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले साल इसी अवधि में मुनाफा 113.40 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 526.65 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 500.44 करोड़ रुपये थी।

### जेएसडब्ल्यू सीमेंट चार फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** विविध क्षेत्रों में कार्यरत जेएसडब्ल्यू समूह की इकाई जेएसडब्ल्यू सीमेंट का शेयर अपने निर्गम मूल्य 147 रुपये से चार प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य से चार प्रतिशत की बढ़त के साथ 153 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

### ऑल टाइम प्लास्टिक्स 14 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** उपभोक्ता उत्पाद विनिर्माता ऑल टाइम प्लास्टिक्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 275 रुपये के मुकाबले 14 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 14.29 प्रतिशत बढ़त के साथ 314.30 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ था। बाद में यह 17.14 प्रतिशत चढ़कर 322.15 रुपये पर पहुंच गया।

### मंगल इलेक्ट्रिकल का आईपीओ 20 अगस्त को खुलेगा




**नई दिल्ली।** ट्रांसफार्मर कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी मंगल इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज ने अपने 400 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 533-561 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ के तहत सिर्फ नए शेयर जारी किए जाएंगे। आईपीओ 20 अगस्त को खुलेगा और 22 अगस्त का संपन्न होगा।

### ईसीओआर ने 134 दिन में माल लदान का बनाया रिकॉर्ड



**भुवनेश्वर।** पूर्वी तट रेलवे (ईसीओआर) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में केवल 134 दिन में 10 करोड़ टन (एमटी) माल ढुलाई का रिकॉर्ड बनाया है। 2024-25 में हासिल किए गए 148 दिन के पिछले रिकॉर्ड की तुलना में यह एक महत्वपूर्ण सुधार है। ईसीओआर ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि पिछले वर्ष की उपलब्धि से पूरे 14 दिन पहले 12 अगस्त को हासिल की। यह इसकी सतत विकास गति और परिचालन उत्कृष्टता को दर्शाता है।

# एसएंडपी ने 19 साल बाद भारत की साख को बढ़ाकर किया 'बीबीबी'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- पिछले पांच-छह साल में सरकारी खर्च की गुणवत्ता में सुधार हुआ

साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय मजबूती के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता और महंगाई को काबू में लाने के लिए बेहतर मौद्रिक नीति उपायों का हवाला देते हुए 19 साल बाद भारत की रेटिंग बढ़ायी है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा, ''भारत दुनिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है...पिछले पांच-छह साल में सरकारी खर्च की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। एसएंडपी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी शुल्क का असर प्रबंधन के दायरे में होगा। भारत पर अगर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया जाता है तो इससे वृद्धि पर कोई बड़ा असर पड़ने की आशंका नहीं है।

## भारत दुनिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक

### महंगाई पर अंकुश लगाने से सुधरी साख

एसएंडपी ने भारत की रेटिंग में सुधार करते हुए कहा, ''भारत की साख में सुधार, महंगाई पर अंकुश लगाने वाले बेहतर मौद्रिक नीति परिवेश के साथ मजबूत आर्थिक वृद्धि को प्रतिबिंबित करता है। राजकोषीय मजबूती के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और व्यय की गुणवत्ता में सुधार के प्रयासों के साथ हमारा मानना है कि ये चीजें मिलकर 'क्रेडिट' के मोर्चे स्थिति बेहतर बना रही हैं।''




*आर्थिक विकास पटरी पर लौटा : एसएंडपी ने कहा, ''अब जब आर्थिक पुनरुद्धार अच्छी तरह से पटरी पर है, सरकार राजकोषीय मजबूती के लिए एक अधिक ठोस रास्ता पेश कर सकती है। वर्ष 2025-26 में सामान्य सरकारी घाटा (केंद्र एवं राज्य सरकारों का संयुक्त रूप से) सकल घरेलू उत्पाद के 7.3 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2028-29 तक 6.6 प्रतिशत हो जाएगा।*

### कर्ज की लागत में आएगी कमी

साख में सुधार से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय कंपनियों के लिए कर्ज की लागत में कमी आएगी। एसएंडपी ने जनवरी 2007 में भारत को सबसे निचले निवेश स्तर की रेटिंग 'बीबीबी-' दी थी। यह किसी वैश्विक रेटिंग एजेंसी द्वारा साख में पहला सुधार है जिसमें भारत को सबसे निचले निवेश स्तर से एक पायदान ऊपर की रेटिंग दी गयी है।

### बीबीबी निवेश स्तर की रैटिंग

'बीबीबी' निवेश स्तर की रेटिंग है और यह देश की अपने कर्ज दायित्वों को आसानी से चुकाने की बेहतर क्षमता को बताती है। एसएंडपी ने पिछले साल मई में भारत के क्रेडिट रेटिंग परिदृश्य को 'स्थिर' से बदलकर 'सकारात्मक' कर दिया था। अगले 24 महीनों में रेटिंग में सुधार हो सकता है।

### भारत व्यापार पर कम निर्भर

एजेंसी ने कहा, ''भारत व्यापार पर अपेक्षाकृत कम निर्भर है और इसकी लगभग 60 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि घरेलू खपत से आती है। अमेरिकी एजेंसी की रेटिंग में यह सुधार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' कहे जाने के कुछ दिन बाद आया है। ट्रंप ने 27 अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर अबतक का सबसे अधिक 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है।

## उद्योग मंत्रालय ने जारी किए थोक महंगाई पर आंकड़े

# थोक मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर शून्य से 0.58 प्रतिशत नीचे, दो साल का निचला स्तर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं एवं ईंधन की कीमतों में गिरावट के बीच थोक मुद्रास्फीति जुलाई में दो साल के निचले स्तर शून्य से नीचे 0.58 प्रतिशत पर आ गई है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के यह जानकारी मिली। विशेषज्ञों ने हालांकि अनुमान लगाया है कि अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़ सकती है क्योंकि आधार प्रभाव कम हो जाएगा और मौसमी मूल्य वृद्धि जारी रहेगी।

थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति जून में शून्य से नीचे 0.13 प्रतिशत और जुलाई, 2024 में 2.10 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, '' मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में कमी के कारण थोक मुद्रास्फीति शून्य से नीचे रही है।

### सब्जियों के दाम में भारी गिरावट देखी गई

*थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में जुलाई में 6.29 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि जून में इनमें 3.75 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सब्जियों के दाम में भारी गिरावट देखी गई। जुलाई में इनकी कीमतों में 28.96 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि जून में यह 22.65 प्रतिशत घटी थी।*



### शुल्क संबंधी तनाव से जिंस की कीमतों पर दबाव

बधान ने कहा, '' हालांकि, शुल्क संबंधी नए तनावों के कारण जिंस की कीमतों पर दबाव बढ़ने की आशंका है क्योंकि वैश्विक वृद्धि की संभावनाएं कमजोर पड़ रही हैं। हालांकि, हमारा अनुमान है कि आने वाले महीनों में थोक मुद्रास्फीति नियंत्रित रहेगी।''उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा, '' खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी और दक्षिण-पश्चिम मानसून में अनुकूल प्रगति से कृषि गतिविधियों को भविष्य में बढ़ावा मिलेगा, जिससे आर्थिक वृद्धि को बल मिलेगा। ''

- खाद्य वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में आई गिरावट
- अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़ सकती है
- खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस की कीमतों में आई कमी

*थोक महंगाई खाद्य व ऊर्जा की कीमतों में नरमी के कारण बहुराष्ट्रीय बैंक एवं वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने 'शोध नोट' में कहा कि जुलाई में थोक मूल्य मुद्रास्फीति में गिरावट की मुख्य वजह खाद्य एवं ऊर्जा की कीमतों में नरमी रही। रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि थोक मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से खाद्य क्षेत्र के कारण हुई है। खाद्य सामग्रियों की कीमतों में सालाना आधार पर बड़ी नरमी देखी गई। इसमें सब्जियों, दालों तथा अंडों, मांस व मछली की बड़ी भूमिका रही।*

### जल्द खराब होने वाली वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती है

अग्रवाल ने कहा कि हालांकि अगस्त के दूसरे पखवाड़े में भारी बारिश के कारण जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं तथा इस पर नजर रखना भी महत्वपूर्ण होगा। बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री सोनल बधान ने कहा कि रूसी तेल के आयातकों पर अमेरिकी प्रतिबंधों के संबंध में अनिश्चितता बनी हुई है तथा रूस एवं यूक्रेन के बीच युद्ध विराम समझौते की स्थिति भी अनिश्चित है, इसलिए भविष्य में तेल की कीमतों में कुछ वृद्धि का दबाव देखने को मिल सकता है।

### विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति में वृद्धि रही

विनिर्मित उत्पादों के मामले में मुद्रास्फीति जुलाई में बढ़कर 2.05 प्रतिशत रही, जबकि इससे पिछले महीने यह 1.97 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली में जुलाई में यह 2.43 प्रतिशत रही जबकि जून में यह 2.65 प्रतिशत थी।खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखकर मौद्रिक रुख तय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर यथावत रखा था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आ गई।

# दुर्लभ खनिज के मुद्दे पर चीन के साथ बातचीत शुरू

- निर्यात पर चीन के तरफ से पाबंदियों लगाई गई थी
- घरेलू कंपनियों को चीन की यात्रा के लिए वीजा जारी किया गया



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने दुर्लभ खनिज के निर्यात पर चीन की तरफ से लगाई गई पाबंदियों पर चीनी अधिकारियों से बातचीत शुरू कर दी है और घरेलू कंपनियों को चीन की यात्रा के लिए वीजा भी जारी किए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

चीन की सरकार ने अप्रैल में सात दुर्लभ खनिज तत्वों और उनसे बने चुंबक के निर्यात के लिए विशेष लाइसेंस को अनिवार्य कर दिया था। इनमें सैमेरियम, गैडोलिनियम, टर्बियम, डिस्प्रोसियम और ल्यूटेटियम जैसे महत्वपूर्ण तत्व शामिल हैं। इन दुर्लभ खनिज तत्वों का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहन, ब्रेकिंग प्रणाली, स्मार्टफोन और मिसाइल प्रौद्योगिकी में किया जाता है। अधिकारी ने दुर्लभ खनिजों एवं चुंबक की उपलब्धता से जुड़े सवाल पर कहा, ''जब हमने हाल में चीन के दूतावास से संपर्क किया तो उन्होंने हमारी कंपनियों को वीजा जारी किए। कंपनियां चीनी अधिकारियों के संपर्क में हैं।'' उन्होंने कहा कि ऐसे उपाय तलाशे जा रहे हैं कि आपूर्ति शृंखला प्रभावित न हो। इसे ध्यान में रखते हुए प्रयास किए जा रहे हैं।

### सरकार से वाहन उद्योग ने किया था अनुरोध

वाहन उद्योग ने सरकार से अनुरोध किया है कि दुर्लभ खनिज चुंबक के आयात के लिए चीन सरकार से मंजूरी जल्द दिलाने में मदद की जाए, क्योंकि इनका उपयोग यात्री वाहनों समेत कई क्षेत्रों में होता है।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार स्थिर बंद

एजेंसी ⏭ मुंबई



- निवेशकों के बाजार में सतर्क रुख अपनाया
- सेंसेक्स 58 अंक चढ़ा, निफ्टी में 12 अंक की मामूली तेजी

अमेरिका-रूस वार्ता से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर बंद हुए। सेंसेक्स में 58 अंक और निफ्टी में 12 अंक की मामूली तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स दूसरे दिन भी बढ़त बनाए रखते हुए 57.75 अंक यानी 0.07 प्रतिशत चढ़कर 80,597.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 211.27 अंक बढ़कर 80,751.18 अंक पर पहुंच गया था। ने श न ल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 11.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24,631.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व और टाइटन के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। हालांकि, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। इसके साथ ही कारोबारी सप्ताह का समापन छह हफ्तों के बाद बढ़त पर हुआ। सेंसेक्स में इस सप्ताह कुल 739.87 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की तेजी रही जबकि निफ्टी 268 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की बढ़त पर रहा। वायदा अनुबंधों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन घरेलू शेयर बाजार

### जापान व चीन के बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर बाजार दोपहर के कारोबार में लाभ में थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

# यूपीआई भुगतान अनुरोध की सुविधा जल्द बंद होगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- एनपीसीआई धोखाधड़ी पर लगाम लगाने उठा रही कदम

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के लिए भुगतान ऐप के जरिये पैसा मांगने के अनुरोध की सुविधा बंद करेगा। बैंकों और भुगतान ऐप से एक अक्टूबर से यूपीआई के जरिये व्यक्तियों के बीच (पी2पी) 'कलेक्शन' यानी भुगतान अनुरोध की सुविधा बंद करने का कहा गया है।

एनपीसीआई ने 29 जुलाई को जारी एक परिपत्र में कहा कि एक अक्टूबर, 2025 से यूपीआई में पी2पी 'कलेक्शन' की प्रक्रिया की अनुमति नहीं होगी। इसका मतलब है कि बैंकों और भुगतान ऐप से 'कलेक्शन' अनुरोध की सुविधा उक्त तिथि से पूरी तरह से हटा दी जाएगी। पी2पी सुविधा का उपयोग अन्य यूपीआई ऐप उपयोगकर्ताओं को पैसे के लिए अनुरोध भेजने के लिए किया जाता है। इससे उन्हें राशि साझा करने की याद दिलाई जाती है। हालांकि, इस सुविधा का उपयोग धोखाधड़ी करने वाले यूपीआई उपयोगकर्ताओं को धोखा देने के लिए कर रहे हैं।

*भुगतान कर्ता का लेनदेन पर पूरा भरोसा होगा : एनटीटी डेटा पेमेंट सर्विसेज इंडिया के मुख्य वित्त अधिकारी राहुल जैन ने कहा कि इस स्थिति में, भुगतानकर्ता का अपने द्वारा शुरू किए गए लेनदेन पर पूरा नियंत्रण होगा। एनपीसीआई ने 2019 में लेनदेन की सीमा 2,000 रुपये तय की थी, लेकिन धोखाधड़ी जारी रही। यह कदम उपयोगकर्ताओं के लिए एक सुरक्षा उपाय के रूप में कार्य करेगा और अब इस तरह की धोखाधड़ी पर अंकुश लगेगा।*

### एसबीआई की अग्निवीरों के लिए विशेष ऋण योजना शुरू




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार के अल्पकालिक अग्निपथ भर्ती कार्यक्रम के तहत अग्निवीरों के लिए एक विशेष व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की।

एसबीआई ने बयान में कहा कि इस ऋण योजना के तहत बैंक में वेतन खाता रखने वाले अग्निवीर बिना किसी गारंटी के चार लाख रुपये तक का ऋण हासिल कर सकते हैं। इसमें प्रसंस्करण शुल्क पर पूर्ण छूट होगी। इसमें कहा गया कि पुनर्भुगतान अवधि अग्निपथ योजना की अवधि के अनुरूप होगी।

# सिंगापुर के कर प्राधिकरण ने इंफोसिस पर लगाया जुर्माना




**नई दिल्ली।** सिंगापुर के अंतर्देशीय राजस्व प्राधिकरण ने इन्फोसिस पर 97,035 सिंगापुर डॉलर (66 लाख रुपये से अधिक) का जुर्माना लगाया है। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उस इस संबंध में 13 अगस्त को नोटिस मिला। सिंगापुर के अंतर्देशीय राजस्व प्राधिकरण ने 97,035.9 सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया है, जो '' अप्रैल 2025 से जून 2025 की अवधि के लिए सिंगापुर जीएसटी (माल एवं सेवा कर) भुगतान'' से संबंधित है। इन्फोसिस ने कहा, '' कंपनी की वित्तीय स्थिति, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर इसका कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं है।''

### बीएमडब्ल्यू के वाहन एक सितंबर से 3% होंगे महंगे

*नई दिल्ली। जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ने एक सितंबर 2025 से अपने सभी वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने विदेशी विनिमय दर में जारी उतार-चढ़ाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के प्रतिकूल प्रभाव का हवाला देते हुए यह बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। लक्जरी कारों एवं एसयूवी की एक श्रृंखला बेचती है।*

## ट्रंप की टिप्पणी पर जेएसडब्ल्यू के चेयरमैन सज्जन ने कहा

# भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एकः जिंदल

एजेंसी ⏭ मुंबई

जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत पर की गई उस हालिया टिप्पणी पर पलटवार करते हुए जिंदल ने यह बात कही जिसमें ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को ''बेजान'' बताया था। एनएसई में यहां जेएसडब्ल्यू सीमेंट के सूचीबद्धता समारोह में जिंदल ने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और इसका भविष्य उज्ज्वल है। जिंदल ने कहा, '' हम भारत का भविष्य उज्जवल देखेंगे क्योंकि भारत वृद्धि कर रहा है। यह दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। ट्रंप चाहे जो भी कहें, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बेजान

### भारत को आक्रामक कंपनियों की जरूरत

जिंदल ने जेएसडब्ल्यू सीमेंट पर बात करते हुए कहा कि यह तेजी से विकास करेगी, क्योंकि त्वरित विकास समूह के 'डीएनए' में है। उन्होंने कहा, '' हम रूढ़िवादी नहीं हो सकते, हमें आक्रामक होना होगा और भारत को इसी की आवश्यकता है। भारत को आक्रामक कंपनियों की जरूरत है, भारत को वृद्धि की जरूरत है।''



### रूस से तेल खरीदने पर निराशा जताई

व्यापार नीति वार्ता के दौरान ट्रंप ने रूस से सस्ता तेल खरीदने को लेकर निराशा व्यक्त की थी और भारत को '' बेजान अर्थव्यवस्था'' बताया था। ट्रम्प ने कथित तौर पर कहा था, '' मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता है कि भारत, रूस के साथ क्या करता है। वे दोनों मिलकर अपनी बेजान अर्थव्यवस्थाओं को और नीचे ला सकते हैं।'

**जेएसडब्ल्यू चार फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध** : इस बीच, जेएसडब्ल्यू सीमेंट का शेयर अपने निर्गम मूल्य 147 रुपये से चार प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य से चार प्रतिशत की बढ़त के साथ 153 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा

खुली निविदा संख्या 24–अम्बाला/2025–26 दिनांक 14.08.2025


वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जाखल–हिसार सेक्शन पर एडीईएन/ट्रैक/अंबाला के अधीन बरवाला में गिट्टी डिपो में रेल बोर्न ट्रकों/बीओबी में विधिवत स्टैक्ड और लोड की गई बीजी ट्रैक के लिए 50000 सीयूएम 65 मिमी गेज मशीन क्रश्ड स्टोन गिट्टी की आपूर्ति। | 5,87,29,000 | 4,43,700 | 08 महीने | 08.09.2025 |
| 2 | एडीईएन/ट्रैक/यूएमबी के अधीन अंबाला डिवीजन में ट्रैक की डिजाइन लाइन और स्तर प्राप्त करने के लिए जीईडीओ ट्रॉली प्रणाली या समान का उपयोग करके ट्रैक का पूर्व और पश्चात सर्वेक्षण, गणना, मार्किंग और ट्रैक मशीन को डिजाइन डेटा फीड करना। | 1,52,31,220 | 2,26,200 | 12 महीने | 08.09.2025 |
| 3 | एडीईएन/पीटीए के अंतर्गत एलडीएच–डीयूआई और जेएचएल–एचएसआर खंड पर ट्रैक के सुरक्षित संचालन के लिए ट्रैक के साथ सीआरओ स्थान पर सुरक्षा बाड़ (आरसीसी दीवार / दुर्घटना रोधी बैरियर) का प्रावधान। | 4,13,34,637 | 3,56,700 | 12 महीने | 08.09.2025 |
| 4 | एडीईएन/बीटीआई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एबीएस अनुभाग में 30.06.25 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए बीटीआई (छोड़कर)–एसजीएनआर (छोड़कर) से जोन 3 और 4 के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी और पेंटिंग। | 74,98,912 | 1,50,000 | 10 महीने | 08.09.2025 |
| 5 | एडीईएन/आरपीजे और एडीईएन/एसआईआर के अनुभाग में Sr.DEN-IV/UMB के तहत मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर रेल की वेल्डिंग के लिए, SWR से LWR में लूप लाइनों के परिवर्तन के लिए, स्वीकृत कार्य सरहिंद – नंगल डेम (SL) – TRR(P) – 40.575 Tkm. | 4,50,49,131 | 3,75,300 | 18 महीने | 08.09.2025 |
| 6 | एडीईएन/यूएमबी के तहत विभिन्न स्टेशनों पर सेवा भवनों, स्टेशन भवनों में सुधार और आवश्यक यात्री सुविधाओं सहित दिव्यांगजन हितैषी सुविधाओं का प्रावधान। | 3,13,16,830 | 3,06,600 | 04 महीने | 08.09.2025 |
| 7 | एडीईएन/पीटीए के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/पीटीए अनुभाग में 30.06.25 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए PTA (सहित) से DUI (छोड़कर) जोन संख्या 1 अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी और पेंटिंग। | 74,99,993 | 1,50,000 | 10 महीने | 08.09.2025 |
| 8 | एडीईएन/एसएमएल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एसएमएल अनुभाग में शिमला में ओआरएच के वैली व्यू रेस्ट हाउस और अन्य ओआरएच सुट्स का सुधार। | 95,01,987 | 1,90,000 | 09 महीने | 08.09.2025 |
| 9 | एडीईएन/एसएमएल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एसएमएल खंड में शिमला में हेम कुंज, रेलवे बोर्ड और अपर रेलवे बोर्ड हॉलिडे होम्स का सुधार। | 78,60,054 | 1,57,200 | 09 महीने | 08.09.2025 |
| 10 | एडीईएन/एसएमएल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/केएलके खंड में बड़ोग रेलवे स्टेशन पर शिवालिक अधिकारी विश्राम गृह का सुधार। | 25,28,941 | 50,600 | 09 महीने | 08.09.2025 |
| 11 | एडीईएन/एसएमएल के अधीन कसौली में ओआरएच, हॉलीडे होम बीओएफ तथा सलोगरा रेलवे स्टेशन पर ओआरएच का सुधार। | 99,66,940 | 1,99,300 | 09 महीने | 08.09.2025 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

2503/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


सरहदों पर जवान, रगों में बलिदान
आज़ादी का पर्व, गर्व और अभिमान
हरियाणा सरकार
स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक बधाई
15 अगस्त, 2025
"आज वह पावन अवसर है जब हम उन असंख्य श्रद्धेय वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हैं जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए खुद को समर्पित कर दिया। इन्हीं वीरों की बदौलत हमें आज़ादी के इस पर्व पर आज़ादी की साँस लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। देश उनका हृदय से ऋणी है।"
- नरेन्द्र मोदी
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipрharyana

चिंतन

# भारत को सामरिक-आर्थिक ताकत बनाने का लें संकल्प

आज जब भारत अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, तो वह एक आत्मविश्वास से भरा हुआ राष्ट्र है, आर्थिक व सामरिक महाशक्ति है, विश्व में सबसे तेज गति से विकास करने वाला देश है, सैन्य रूप से शक्तिशाली है, दुश्मनों को करारा जवाब देता है, सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर निकल चुका है, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विश्व ने देखा, इससे पहले वह सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक को अंजाम दे चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। वर्ष 1947 में आजादी हासिल के बाद से अपनी 78 वर्ष की यात्रा में भारत ने विभिन्न क्षेत्र में प्रगति के अनेक कीर्तिमान रचे हैं। अंतरिक्ष, डिजिटल, ऑटो मोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, डिफेंस विनिर्माण, विमानन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पेट्रो केमिकल्स, रेलवे व हाई स्पीड ट्रेन, मेट्रो, इंजीनियरिंग, हेल्थ, एजुकेशन विज्ञान व प्रौद्योगिकी आदि सेक्टर हैं, जिनमे भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। कृषि और पशुपालन क्षेत्र में भी आज भारत एक प्रमुख वैश्विक ताकत है। अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर है, सौ से अधिक देशों को वह अनाज का निर्यात करता है। दुग्ध उत्पादन में वह सिरमौर है, दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है। सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक विविधताओं के बावजूद भारत आज एक मजबूत समावेशी राष्ट्र है, जहां अनेकता में एकता और अखंडता का भाव बुलंद है। आज जब दुनिया में युद्ध, क्षेत्रीय संघर्ष और वर्चस्व की जंग तेज है, अमेरिकी टैरिफ वार से उथलपुथल मचा हुआ है, भारत स्थिर है। जीडीपी दर सबसे तेज है और विश्व को शांति का पैगाम दे रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में एक समर्थ व समृद्ध भारत की तस्वीर पेश की है। सरकार एवं सशस्त्र बलों के फौलादी संकल्प की बदौलत भारत ने आतंकवाद का हमेशा करारा जवाब दिया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में समस्याओं के बावजूद भारत पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है तथा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण है और निर्यात बढ़ रहा है। भारत, 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के मार्ग पर अग्रसर है। सभी प्रमुख संकेतक, अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शा रहे हैं। भारत ने पिछले दस वर्ष में गरीबी कम करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। प्रति व्यक्ति आय में इजाफा हुआ है। हालांकि देश के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं। अमेरिकी टैरिफ वार के प्रभाव से निपटना है, विकास के मामेंटम को बनाए रखना है। डिजिटेक, हरित ऊर्जा, हेल्थ और एजुकेशन में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने की जरूरत है, जिसमें विनिर्माण की मजबूती के साथ सेवा क्षेत्र में विस्तार की आवश्यकता है। भारत को भविष्य की इकोनॉमी पर फोकस करना होगा। आज जब लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र को संबोधित करेंगे, तो निश्चित रूप से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र करेंगे, भारत के विकास व चुनौतियों पर बात करेंगे, लेकिन अब भारत को व्यवस्थागत परिवर्तन की दिशा में बढ़ने की जरूरत है, जिसमें प्रशासनिक, राजनीतिक, न्यायिक और पुलिस सुधार हो, शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े निवेश के साथ क्रांतिकारी बदलाव हों और उच्च प्रौद्योगिकी व डिफेंस टेक के साथ अजेय व अभेद्य सामरिक ताकत बनने पर जोर हो। गुटनिरपेक्ष व स्वतंत्र विदेश नीति के साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा कायम रहे, अमेरिका का सबक भारत के सामने है।



आजादी की लड़ाई
निरंकार सिंह

# 1857 से पहले ही स्वतंत्रता संग्राम

सन् 1857 के विद्रोह को 'स्वतन्त्रता का प्रथम संग्राम' कहा जाता है, किन्तु भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन उससे भी बहुत पहले छिटपुट रूप से आरम्भ हो गया था। यह 1947 तक ही नहीं बल्कि उसके बाद गोवा की मुक्ति तक चला। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को 1799 में बनारस में बाबू जगत सिंह के विद्रोह का सामना पड़ा। गोला-बारूद और तोपखाने के कारण अंग्रेज भाग्यशाली रहे और बाबू जगत सिंह और वजीर अली की ओर से तोपखाने की अनुपस्थिति उनकी हार का कारण बनी। 20 अक्टूबर 1799 को सेंट हेलेना में हिरासन में जीवन की अपनी अंतिम यात्रा के लिए ओस्टरली पर सवार होने के लिए हुगली नदी से जाते समय उन्होंने जहर खा लिया और चल बसे।

भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों और घटनाओं की एक शृंखला थी जिसका अंतिम उद्देश्य भारत में ब्रिटिश शासन को समाप्त करना था। यद्यपि सन् 1857 के विद्रोह को 'स्वतन्त्रता का प्रथम संग्राम' कहा जाता है, किन्तु भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन उससे भी बहुत पहले छिटपुट रूप से आरम्भ हो गया था। यह 1947 तक ही नहीं बल्कि उसके बाद गोवा की मुक्ति तक चला। भारत में अंग्रेज व्यापारियों के रूप में आए थे, जो भारत की असाधारण संपदा से आकर्षित थे, जो यूनानी काल से ही पश्चिम में प्रसिद्ध थी। वे भारत पहुंचे तो देखा कि विशाल मुगल साम्राज्य का प्रभुत्व भारत पर था, जिसकी स्थापना 16वीं शताब्दी में विजेता बाबर ने की थी और जो अब उपमहाद्वीप के अधिकांश भाग पर शासन करता था।

1613 में मुगल बादशाह जहांगीर ने अंग्रेजों को गुजरात के सूरत में एक व्यापारिक चौकी स्थापित करने की अनुमति दी, जो भारत में अंग्रेजों का पहला पैर जमाने का स्थान बना। अगली शताब्दी में, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने अतिरिक्त व्यापारिक चौकियां स्थापित कीं और धीरे-धीरे पूरे उपमहाद्वीप में अपना आर्थिक और राजनीतिक प्रभाव बढ़ाया। 1707 में सम्राट औरंगजेब की मृत्यु के बाद, मुगल साम्राज्य तेजी से पतन के दौर में प्रवेश कर गया, जिससे मराठों , सिखों और उत्तरी राजपूत सरदारों सहित विभिन्न क्षेत्रीय शक्तियों को अपनी संप्रभुता स्थापित करने का अवसर मिला। 18वीं शताब्दी के मध्य तक, उपमहाद्वीप में एक भी प्रमुख शक्ति नहीं बची थी, जिससे यह क्षेत्र औपनिवेशिक महत्वाकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील हो गया। 1757 में प्लासी की लड़ाई , ब्रिटेन और फ्रांस के बीच चले सात साल के युद्ध का हिस्सा थी। यह भारत पर ब्रिटिश विजय में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपनी स्थिति को तेजी से मजबूत किया था और अब देशी शासकों द्वारा इसे एक गंभीर खतरा माना जाता था। बंगाल के नवाब, सिराज-उल-दौला , फ्रांस के साथ गठबंधन के पक्ष में थे। वे पहले कंपनी के व्यापारिक पदों पर हमला कर चुके थे। पर नवाब के सेनापति मीर जाफर ने प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला के साथ विश्वासघात किया, जिससे अंग्रेजों को बंगाल पर नियंत्रण हासिल करने में मदद मिली। मीर जाफर को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल का नवाब बनाया था। इस महत्वपूर्ण जीत ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत में एकमात्र व्यापारिक उपस्थिति से एक सैन्य और राजनीतिक शक्ति में बदल दिया। इसके बाद भी बक्सर के युद्ध (1764) के साथ बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में 1799 में बनारस में बाबू जगत सिंह के विद्रोह का सामना पड़ा। सशस्त्र संघर्ष को अंजाम देने के लिए 13 जनवरी 1799 की शाम तक 12,837 सैनिकों की भीड़ जुटाई गयी। ऐसा करने के लिए उपलब्ध समय की कमी को ध्यान में रखते हुए उस दिन इतने सारे व्यक्तियों का जमा हो जाना सराहनीय था। एक पखवाड़े से भी कम समय की तैयारी के आधार पर बनारस शहर और घाटों के लगभग सभी हिस्सों में जमींदारों और उनके लोगों ने इस प्रतिरोध में जिस उत्साह से भागीदारी की थी, वह प्रशंसा का विषय है और हर तरह से कुछ करने के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। इस प्रकार प्रतिरोध का यह चरण अच्छी तरह से योजनाबद्ध और संगठित था। इस तथ्य के बावजूद कि अंग्रेजों की सभी गतिविधियों पर संदिग्ध निगाहें थीं।



अंग्रेज पहले से ही जमान शाह के आसन्न आक्रमण के कारण अपनी सभी सैन्य तैयारियों के साथ सतर्क थे। फिर भी उन्हें वास्तव में विद्रोह की रूपरेखा के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यह स्थापित करता है कि कैसे गुप्त रूप से सुनियोजित और संगठित चीजें उन सभी लोगों द्वारा की जा रही थीं जो इसका हिस्सा थे। एर्स्किन के लिए माधव दास गार्डन पर हमला करना आसान नहीं था, जो अन्ततः पूरे ऑपरेशन में 'सुनियोजित गोलीबारी' का सामना करके एक लम्बी और निरन्तर लड़ाई के बाद ही प्राप्त किया जा सकता था। बार-बार उसे सैनिकों के संगठित दलों के हमलों से निपटना पड़ा। कई मौकों पर वे बहुत करीब से भी टकराये। इस संघर्ष में चार अंग्रेज अधिकारी मारे गये लेकिन साधारण सैनिकों के मारे जाने की संख्या का कहीं उल्लेख नहीं मिलता है। इन मारे गये अंग्रेज अधिकारियों की कब्रें वाराणसी के कैंट क्षेत्र में मकबूल आलम रोड के किनारे इसाइयों के कब्रिस्तान में बनी हुई है। इस कब्रगाह पर मारे गये अंग्रेज अधिकारियों के साथ इनको मारने वाले वजीर अली का भी नाम लिखा है जो जगत सिंह के सहयोगी थे। यह सब उन लोगों की बहादुरी और साहस को दर्शाता है जो अपनी जान की परवाह किये बिना वहां लड़ रहे थे। हालांकि दोनों ओर से कुल कितने लोग मारे गये, अब तक इसका कोई प्रमाणिक विवरण नहीं मिल पाया है। इस बारे में अनुमान है कि हजारों लोग मारे गये होंगे। गोला-बारूद और तोपखाने के कारण अंग्रेज भाग्यशाली रहे और बाबू जगत सिंह और वजीर अली की ओर से तोपखाने की अनुपस्थिति उनकी हार का कारण बनी। प्रतिरोध की विफलता का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण इसका त्वरित दमन था जो बनारस के आसपास के क्षेत्र में तैनात तोपखाने और भारी गोला-बारूद से लैस एक बड़ी सेना की उपस्थिति के कारण संभव था। विद्रोहियों की ओर से भी उनकी प्रगति में बाधा डालने का ध्यान रखा गया था, लेकिन इस काम के लिए नियुक्त किए गए लोग मौके पर अनुपस्थित रहे। उन्होंने अपना काम नहीं किया और अंग्रेजी फौज को कहीं भी आसानी से जाने की सुविधा मिल सकी। विशेष रूप से माधव दास बाग के रास्ते में और इसके ठीक सामने उन्हें गोलीबारी की ताकत और विरोधियों की दृढ़ता का स्वाद चखना पड़ा। अगर यह सेना वहां तैनात नहीं होती, तो इस बात की पूरी संभावना थी कि अंग्रेजों के लिए प्रतिरोध के प्रसार को और अधिक खतरनाक स्तर तक रोकना मुश्किल हो जाता। बहरहाल बाबू जगत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा बहादुर सिंह, गजराज सिंह, बीजक सिंह प्रथम, रामदयाल, शिवशरण सिंह, लाल सिंह, शिवदेव सिंह, मिर्जा अली, इमाम अली, मिर्जा बेग, हफीजुल्लाह, खैरउद्दीन बेग, मुराद चैन को भी गिरफ्तार करके उन पर विभिन्न आरोपों का लगातार मुकदमा चलाया गया और सजा दी गयी।

बाबू जगत सिंह को अदालत ने 'सजा-ए-मौत' सुनाई। लेकिन निजाम अदालत ने इस सजा को बदलकर उन्हें आजीवन देश निकाला की सजा दी और इसकी पुष्टि के लिए काउंसिल के उपाध्यक्ष को भेज दिया। बनारस से कलकत्ता आने पर बाबू जगत सिंह को 31 अगस्त 1799 को टाउन मेजर द्वारा फोर्ट विलियम में कैद पर लिया गया। अंग्रेजों को बाबू जगत सिंह से इतना खतरा अनुभव हुआ कि उन्हें भारत के किसी हिस्से में कैद रखना सुरक्षित नहीं लगा। 20 अक्टूबर 1799 को सेंट हेलेना में हिरासन में जीवन की अपनी अंतिम यात्रा के लिए ओस्टरली पर सवार होने के लिए हुगली नदी से जाते समय उन्होंने जहर खा लिया और चल बसे। ऐसा दावा डेविस ने किया था। पर वास्तविकता यह बतायी जाती है कि विदेश की जगह उन्होंने अपने देश की भूमि पर ही देह त्यागने के संकल्प के साथ हुगली नदी में जल समाधि ले ली क्योंकि हिरासत में जहर मिलना संभव नहीं था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
शिवप्रकाश




# हर देशवासी का एक ही लक्ष्य होना चाहिए 'विकसित भारत'

देश 15 अगस्त को स्वतंत्रता का उत्सव उत्साह के साथ मना रहा है। 15 अगस्त के अपने प्रथम भाषण में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि भारत पुनः स्वयं को खोज रहा है। उन्होंने कहा था कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर आंख से आंसू मिटे, भविष्य हमें बुला रहा है, हमें कहां जाना है और हमें क्या करना चाहिए जिससे हम आम आदमी, किसानों और श्रमिकों के लिए स्वतंत्रता और अवसर दे सकें, हम निर्धनता मिटा सकें, एक समृद्ध लोकतांत्रिक प्रगतिशील देश बना सके। कोई भी देश तब तक महान नहीं बन सकता, जब तक उसके लोगों की सोच या कर्म संकीर्ण हो। उनके इस भाषण को इतिहास में "नियति से मिलन" नाम से उल्लेखित किया गया। 78 वर्षों की स्वतंत्रता की यात्रा में हमने बहुत कुछ प्राप्त किया है जो प्रत्येक भारतीय को गर्व करने योग्य है। अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो प्राप्त होना चाहिए था लेकिन नहीं हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण होने तक एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य संपूर्ण देशवासियों को दिया है जो हमें प्राप्त करना है। उस लक्ष्य को उन्होंने "विकसित भारत" के नाम से संबोधित किया है। अमृत काल की इस कालावधि में प्रत्येक भारतीय का एक ही लक्ष्य होना चाहिए "विकसित भारत"। भारत के लाखों-करोड़ों लोगों ने जब अपना संकल्प स्वतंत्रता प्राप्ति बनाया एवं उसकी प्राप्ति के लिए कठोर यातनाएं सही, तब लंबे संघर्ष के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई। यह स्वाभिमान ही हमको आगे बढ़ने की प्रेरणा दे सकता है। आज भी 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प "विकसित भारत" बनना चाहिये। भारत एक प्राचीन देश है। हमारी संस्कृति सर्वकल्याणमयी एवं सर्वसमावेशी है। कोरोना काल में विश्व ने उसके दर्शन भी किए हैं। अपनी निष्ठा, समर्पण के कारण अभावयुक्त होने के बाद भी हमारे साथ स्वतंत्र हुए देशों ने आर्थिक क्षेत्र में हमसे अधिक प्रगति की है। हमारे लिए विचारणीय विषय है कि विशाल जनसमूह, प्रचुर भौतिक संसाधन एवं गौरवमय विरासत होने के बाद भी हम उतनी प्रगति नहीं कर पाए, आज भी गरीब की आंखों में आंसू हैं। आजीविका के लिए निर्धारित घंटों में हम वास्तव में कितने घंटे काम करते हैं, इसका विचार करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अनेक संबोधनों में स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए बढ़ते मोटापे पर चिंता व्यक्त की है। इससे बचने के लिए उन्होंने अपने भोजन में 10 फीसदी तेलीय पदार्थ कम करने का आग्रह भी किया है। आज अनेक सर्वेक्षण बच्चों सहित बड़ी संख्या में गंभीर रोगों के ग्रसित होने का आकलन कर रहे हैं। हम दैनिक व्यायाम, पाचनयुक्त भोजन एवं व्यवस्थित दिनचर्या से इसमें परिवर्तन ला सकते हैं। दुनिया के अनेक देश अपने देश की गिरती अर्थव्यवस्था से चिंतित हैं। अमेरिका द्वारा भारत पर लगने वाला मनमाना टैरिफ इसका उदाहरण है। हम आर्थिक साम्राज्यवादी शक्तियों से स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता के मंत्र को अपनाकर उन पर अपनी निर्भरता कम कर सकते हैं। भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है। प्रत्येक भाषा का अपना एक भाव जगत है। भारत की प्रत्येक भाषा परस्पर आबद्ध है। उसमें प्रयोग होने वाले मुहावरे, लोकोक्ति एवं कहावतें भी सामान भाव से युक्त है। उच्चारण भिन्न होने के बाद भी भाव एक ही रहता है। गुरुवर रविन्द्र नाथ टैगोर ने कहां था कि "भाषा केवल बोलने का माध्यम नहीं, यह राष्ट्र की चेतना एवं संस्कृति का संवाहक है। उपभोगवादी जीवन शैली के कारण आज हमने पर्यावरण के सम्मुख संकट खड़ा किया है। इसके कारण अन्न, जल, वायु जिस पर हमारा जीवन निर्भर है सभी विषयुक्त बना है। इसी कारण महात्मा गांधी ने कहा था कि "प्रकृति हमारी आवश्यकता की पूर्ति कर सकती है, हमारे लालच की नहीं। हम सादगी युक्त जीवन शैली धारण करें। हमारे देश की विशालता के कारण इसमें विविधताओं का भंडार है। रंग-रूप, खान-पान, भाषा, लिंग, जाति, पूजा-पद्धति, ऊँच-नीच आदि में यह विविधता प्रकट होती है। इसी विविधता को अज्ञानवश कुछ लोग विभेद के रूप में स्थापित करते हैं। हम सभी भारत मां की संतान होने के कारण से एक हैं। किसी भी देश का विकास केवल सरकारों से नहीं, उसके साथ खड़ी संस्कारयुक्त, कर्तव्यनिष्ठ, जागृत जनशक्ति के द्वारा होता है। हमें इस दायित्व बोध से युक्त समाज बनना है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम देश के विकास के लिए शत-प्रतिशत मतदान करके अपने कर्तव्य का निर्वाह करें । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंच प्रण का पालन करते हुए हमसे यह अपेक्षा की है कि हम सभी भारतवासी "विकसित भारत" के संकल्प में सहायक बनें एवं स्वतंत्रता के इस शुभ अवसर पर इन संकल्पों को हम सभी अपने जीवन का अंग बनाएं।

( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित
दर्शन

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

## अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित
प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहाः मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराजः मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहाः तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहाः महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोलेः निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गाजर घास : एक पर्यावरणीय चुनौती

गाजर घास (पार्थेनियम हिस्ट्रोफोरस), जिसे तारा घास के नाम से भी जाना जाता है। अमेरिका, एशिया और अफ्रीका में यह एक मुख्य और हानिकारक खरपतवार है। हमारे देश में इसका प्रवेश 1950 में अमेरिका और कनाडा से आयातित गेहूं के साथ हुआ था। 1950 के दशक में पुणे और महाराष्ट्र में इसे सबसे पहले देखा गया। बरसात के मौसम में इस घास की प्रचुर मात्रा में वृद्धि होती है, लेकिन यह पौधा हर तरह के वातावरण में तेजी से उठकर फसलों, मनुष्य और पशुओं के लिए एक गंभीर समस्या है। इसे अक्सर खाली पड़ी जमीनों, सड़कों, रेलवे ट्रैक और बंजर भूमि पर देखा जाता है। गाजर घास एलर्जी संबंधित समस्याओं का मुख्य कारण है। इसके सेवन से पशुओं में खुजली और दूध में कड़वापन आ जाता है। इससे निपटने की कारगर विधि यह है कि इसे जड़ से उखाड़ कर नष्ट कर दिया जाए। – *राकेश मिश्रा, कांकेर*

## ट्रेंड

### स्थिति पर कड़ी नज़र



मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। बचाव और राहत कार्य जारी हैं। ज़रूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### श्रद्धांजलि अर्पित



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने की दुर्भाग्यपूर्ण आपदा में जान गंवाने वाले लोगों को मैं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। इस हादसे में प्रभावित सभी परिवारों और व्यक्तियों की कुशलता एवं सुरक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ।
**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### शिक्षा से ही सशक्तीकरण




शिक्षा ही सशक्तीकरण की नींव बनती है और प्रगतिशील परिवर्तन और विकास की भी। शिक्षा सकारात्मकता को जन्म देती है जिससे सहृदयता और सौहार्द विकसित होता है। शिक्षा के विरोधी स्कूल बंद करके सामाजिक समन्वय का मार्ग अवरुद्ध करते हैं।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### चुनौतियों का सामना



नायक/नायिका की ताकत हमेशा इस बात से तय होती है कि खलनायक कितना शक्तिशाली है। जीवन में भी आपकी उपलब्धियाँ इस बात से तय होती हैं कि आप कितनी बड़ी चुनौतियों का सामना करते हैं।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

आजादी पर्व
विशाल तिवारी



# विकसित राष्ट्र की ओर नया भारत

पंद्रह अगस्त 1947 का दिन न केवल भारत की आजादी के जश्न का दिन था, बल्कि देश के नये नेतृत्व के लिए उस समय करीब 34.5 करोड़ की आबादी के भविष्य को लेकर चिंता का दिन भी था। इतनी बड़ी आबादी को अन्न से लेकर रहने के लिए छत और रोजगार के अलावा उनके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की बहुत बड़ी चुनौती सामने खड़ी थी। यह चुनौती इसलिए भी गहरी थी क्योंकि औपनिवेशिक भारत में अंग्रेजों ने मात्र अपनी आवश्यकताओं के हिसाब से संसाधनों को विकसित किया था, ना कि देश की आबादी की जरूरत को ध्यान में रखते हुए। आजादी मिलने के साथ ही सबसे बड़ी और पहली फिक्र यह थी कि इतनी बड़ी जनसंख्या का पेट कैसे भरा जाए। आंकड़ों के अनुसार, 1950-51 में देश में इतनी बड़ी आबादी के सापेक्ष महज 5 करोड़ टन अनाज की पैदावार थी और इतना अन्न लेकर लगभज 35 करोड़ जैसी विशाल आबादी का पेट भरना लगभग नामुमकिन था। हालांकि, यह समस्या थोड़ी लंबी खिंची और करीब 1962 आते-आते देश में हालात यह हो गए कि तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश की जनता से एक वक्त उपवास रखने की अपील तक कर डाली। ऐसे में देश में हरित क्रांति ने अन्न के अधिक से अधिक उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन थे। उन्होंने 1967-68 और 1977-78 के बीच हरित क्रांति की ऐसी लहर चलाई कि जहां देश में एक वक्त अनाज की कमी थी, वहीं देश विश्व के सबसे ज्यादा अनाज उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हो गया। अनाज के बाद दूध के क्षेत्र में ऑपरेशन फ्लड यानी श्वेत क्रांति की शुरुआत हुई। श्वेत क्रांति ने भारत को विश्व में इस क्षेत्र में शिखर पर पहुंचा दिया। बता दें कि डॉक्टर वर्गीज कुरियन ऑपरेशन फ्लड के मुख्य सूत्रधार थे। इस क्रांति का महत्व इसलिए भी खास है क्योंकि शारीरिक पोषण के लिए दूध को एक आवश्यक तत्व माना जाता है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है। देशवासियों का पेट भरने के अलावा दूसरी बड़ी चिंता देश की सुरक्षा की थी। 1962 में चीन से हार के बाद स्थिति साफ हो गई कि भारत के पास आधुनिक हथियारों की कमी है। इसके लिए व्यापक कदम उठाए गए। आज सेना के पास राफेल, सुखोई, तेजस जैसे लड़ाकू विमान हैं तो अर्जुन, भीष्म टैंक और अग्नि जैसी मिसाइलें भी हैं। नौसेना में आईएनएस अरिहंत, आईएनएस करंज जैसी पनडुब्बियों के बल पर भारत समुद्र में एक मजबूत खिलाड़ी बन चुका है। 18 मई, 1974 को राजस्थान के पोखरण में पहला विस्फोट करके भारत ने दुनिया को यह बता दिया कि वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहने वाला। तमाम प्रतिबंधों के बाद भारत ने साल 1998 में दोबारा परीक्षण किया और इसके बाद देश आगे ही बढ़ता गया। आजादी के बाद भारतीय शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए इसमें व्यापक बदलाव किए गए। 1953 में जहां विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी की स्थापना की गई वहीं आईआईटी और एम्स जैसे बड़े संस्थानों की शुरुआत भी की गई। शिक्षा के प्रारंभिक स्तर को ध्यान में रखते हुए प्राइमरी शिक्षा में सुधार के लिए कई ठोस कदम उठाए गए। 1949 में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग और 1952 में माध्यमिक शिक्षा आयोग का गठन किया गया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए 1968 में पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति का भी श्रीगणेश किया गया। 1950 में जहां उच्च शिक्षा के लिए महज 578 कॉलेज थे, वहीं आज 42343 कॉलेज हो चुके हैं। 27 से बढ़कर आज 1043 विश्वविद्यालय देश में काम कर रही हैं। कोरोना काल में हमने दिखा दिया कि भारत दुनिया के बाकी देशों से कैसे अलग है। यही कारण है कि भारत का स्वास्थ्य पर्यटन हर साल तेजी से बढ़ रहा है। विश्व स्तर के गुणवत्तायुक्त उपचार के साथ ही यह अन्य देशों की अपेक्षा काफी सस्ता भी है। कोरोना के समय ही भारत की वैक्सीन और पीपीई किटों की मांग विदेशों में खूब रही। फार्मास्यूटिकल्स सेक्टर में भारत अब एक प्रमुख उत्पादक देश बन चुका है। न केवल नए अनुसंधान किए जा रहे हैं बल्कि, दवाओं का निर्यात भी किया जा रहा है। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि 21वीं सदी का भारत नया भारत है, जो यह जानता है कि दुनिया के बाकी देशों में उसकी अहमियत अब कितनी है। भारत अब विकासशील देश से विकसित देश बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## कांग्रेस ने देश को टुकड़ों में बांटकर मां भारती के स्वाभिमान को चोट पहुंचाई, हम एकता की भावना को सुदृढ़ करें: शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के माध्यम से देश के बंटवारे की त्रासदी को याद कर रहा है। यह हमारे इतिहास के उस दुखद अध्याय के दौरान असंख्य लोगों द्वारा झेले गए दुख और पीड़ा को स्मरण करने का दिन है। यह दिन उनके साहस और आत्मबल को सम्मान देने का भी अवसर है। इन्होंने अकल्पनीय कष्ट सहने के बाद भी एक नई शुरुआत करने का साहस दिखाया। विभाजन से प्रभावित ज्यादातर लोगों ने न सिर्फ अपने जीवन को फिर से संवारा, बल्कि असाधारण उपलब्धियां भी हासिल कीं। हम सौहार्द और एकता की भावना को सुदृढ़ बनाए रखें। जो हमारे देश को एक सूत्र में पिरोकर रखती है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए लिखा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, देश के विभाजन और उसकी त्रासदी के शिकार लोगों के दर्द को याद कर संवेदना व्यक्त करने का दिन है।

## मेहनत की तो अमेरिका क्या पूरी दुनिया आपकी सुनेगी: गडकरी

**नागपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को भारत को महाशक्ति और विश्वगुरु बनाने की वकालत की। उन्होंने इसी के साथ युवाओं को एक मास्टर प्लान बताते हुए कहा कि अगर आप मेहनत करोगे तो दुनिया आपकी बात सुनेगी। गडकरी ने कहा कि अगर भारत हर क्षेत्र में मजबूत होगा तो दुनिया निश्चित रूप से उसकी बात सुनेगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नागपुर में राष्ट्र निर्माण समिति (सामाजिक संगठन) द्वारा आयोजित 'अखंड भारत संकल्प दिवस' के अवसर पर एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। गडकरी ने भारत की विविधता में एकता की प्रशंसा की और देश के सशस्त्र बलों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, साथ ही 'आत्मनिर्भर' और 'विश्वगुरु' बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि ये सभी संकल्प प्रत्येक भारतीय के प्रयासों से पूरे होंगे। हम 'अखंड भारत संकल्प दिवस' को इसलिए याद करते हैं क्योंकि 1947 में इसी दिन देश दो हिस्सों भारत और पाकिस्तान में विभाजित हुआ था। हम सभी एक मिशन के रूप में स्वीकार करते हैं कि हमारे देश का विभाजन अप्राकृतिक था।

**राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी, नरवाना (जिला जीन्द)**
**रिक्त सीटों पर आवेदन आमंत्रित**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्थान में रिक्त सीटों पर दाखिले हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। संस्थान में तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग (योग्यता-10वीं) व दो वर्षीय डिप्लोमा लेटरल एंट्री (योग्यता-12वीं या आई.टी.आई. 2 साल) कोर्स की केवल कुछ ही सीटें शेष हैं। दिनांक 18.08.2025 से 15.09.2025 तक रिक्त सीटों पर प्राप्त आवेदनों पर दैनिक प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी। प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। दोपहर 2:00 बजे मेरिट सूची संस्थान के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। दोपहर 2:30 बजे सीट आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

**हस्ता/-प्रधानाचार्य**
**राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी,**
**नरवाना (जींद)**

पीआरडीएच 1115/11/475/2026/37725/88/6 दि. 14.08.25

## अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी पर 60 करोड़ की ठगी का केस दर्ज

**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके कारोबारी पति राज कुंद्रा पर एक बड़े धोखाधड़ी का आरोप लगा है। मुंबई के एक कारोबारी ने इन दोनों पर 60.4 करोड़ रुपए की ठगी का इल्जाम लगाया है। यह मामला उनकी अब बंद हो चुकी कंपनी बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है। पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) ने इस सिलसिले में शिल्पा, राज और एक अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कारोबारी दीपक कोठारी का दावा है कि यह रकम बिजनेस बढ़ाने के नाम पर ली गई, मगर इसका इस्तेमाल निजी खर्चों के लिए किया गया। पुलिस के मुताबिक, यह शिकायत जुहू पुलिस स्टेशन में पहले दर्ज की गई थी, जहां धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़ी धाराओं के तहत मामला लिखा गया। चूंकि रकम 10 करोड़ रुपए से ज्यादा थी, इसलिए अब इसकी जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दी गई है।






## कार्लोस ने इटली के लुका नार्डी को 6-1, 6-4 से हराया

# सिनसिनाटी ओपन: अल्काराज, सिनर और सबालेंका ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह

एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी

दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर और नंबर दो खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

कार्लोस अल्काराज ने मुकाबले में इटली के लुका नार्डी को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। अगले दौर में उनका मुकाबला रूस के आंद्रेई रुबलेव से होगा।





### अल्काराज ने शुरुआत से बनाया दबदबा

अल्काराज ने मैच की शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और मैच के पहले 14 में से 13 अंक जीते। स्पेन के इस खिलाड़ी ने पहला सेट सिर्फ 27 मिनट में जीत लिया। दूसरे सेट में नॉर्डी ने अल्काराज को कड़ा संघर्ष करने दिया। एक समय ऐसा भी आया, जब वह 2-4 से पीछे चल रहे थे। लेकिन, अल्काराज ने वापसी की और लगातार चार गेम जीतकर सेट 6-4 से अपने नाम किया।

### जानिक की संघर्षपूर्ण जीत

सिनर ने बारिश से बाधित मैच में फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो को 6-4, 7-6(4) से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। सिनर मैच की शुरुआत में लय में नहीं दिख रहे थे, लेकिन धीरे-धीरे वह लय में लौटे और जीत हासिल की। जीत के बाद सिनर ने कहा, मन्नारिनो एक बहुत ही कठिन प्रतिद्वंद्वी है और बाकी से अलग हैं। इसलिए नहीं कि वह बाएं हाथ से खेलते हैं। उनका शॉट अक्सर नीचे रहता है। मैंने बस अच्छी सर्विस करने की कोशिश की और यह देखने की कोशिश की कि मैं रिटर्न गेम में क्या कर सकता हूं। वह बहुत अच्छी सर्विस कर रहे थे, खासकर एड साइड पर, वाइड वाली बहुत सटीक थी। मुझे मैच खत्म करने में थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन अंत में जीत के साथ अगले राउंड में पहुंचकर बहुत खुश हूं। अब सिनर कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम से भिड़ेंगे।

### टूर्नामेंट में मेरा अब तक का सबसे अच्छा मैच : अल्काराज

जीत के बाद अल्काराज ने कहा, "मुझे लगता है कि टूर्नामेंट में मेरा यह अब तक का सबसे अच्छा मैच था। मैं आज गेंद को जिस तरह से महसूस कर रहा था और जिस तरह से मैं आगे बढ़ रहा था, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैं इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करना चाहता था। मुझे लगता है कि मैं ऐसा कर पा रहा हूं। मुझे इस पर वास्तव में गर्व है।"

### सबालेंका ने की सीधे सेटों में जीत हासिल



महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने जेसिका बोजास मानेइरो को 6-1, 7-5 से मात दी। पिछले मैच में एम्मा राडुकानु के खिलाफ तीन सेट का संघर्ष झेलने के बाद उन्होंने इस बार सीधे सेटों में जीत दर्ज की। अब उनका सामना पूर्व विंबलडन चैंपियन एलेना राइबाकिना से होगा, जिन्होंने मैडिसन कीज को 6-7 (3/7), 6-4, 6-2 से हराया।

## गुकेश ने कारुआना को हराया, हासिल किया चौथा स्थान

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने अमेरिका के लीनियर डोमिन्गुएज पेरेज से मिली हार से उबरते हुए वेस्ली सो और फैबियानो कारुआना की अमेरिकी जोड़ी को हराकर ग्रैंड शतरंज टूर के सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज के रैपिड वर्ग में चौथा स्थान हासिल किया। यह लगातार तीसरा दिन था जब गुकेश ने हार के साथ शुरुआत की लेकिन इसके बावजूद वह चौथा स्थान हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 1,75,000 अमेरिकी डॉलर है और इसमें अभी 18 ब्लिट्ज गेम खेले जाने बाकी हैं।

### बोधना बनीं दुनिया की सबसे कम उम्र की इंटरनेशनल चेस मास्टर

भारतीय मूल की ब्रिटिश नागरिक बोधना शिवानंदन दुनिया की सबसे कम उम्र की इंटरनेशनल चेस मास्टर बन गई हैं। अब वह ग्रैंडमास्टर के खिताब से सिर्फ एक सीढ़ी दूर रह गई हैं। 10 साल की बोधना ने पिछले हफ्ते ब्रिटिश चेस चैंपियनशिप में 60 वर्ष की ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराकर चौंका दिया था। वह किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था। तब हैरान कॉमेंटेटर ने कहा था कि आखिर वह जीत कैसे गई, यह जरूर कोई जादूगरनी होगी। पिछले साल बोधना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी खेल में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था।

## पीएसजी ने जीती सीजन की 5वीं ट्राफी यूईएफए सुपर कप पर किया कब्जा

**पेरिस।** चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए पेनल्टी शूटआउट में टॉटेनहैम को हराकर यूईएफए सुपर कप जीत लिया, जो फ्रांस के इस फुटबॉल क्लब की वर्ष 2025 में पांचवी ट्रॉफी है। नूनो मेंडेस ने शूटआउट में निर्णायक स्पॉट किक को गोल में बदलकर पीएसजी की शानदार वापसी को अंजाम तक पहुंचा। पीएसजी की जीत एक समय असंभव लग रही थी क्योंकि चैंपियंस लीग और यूरोपा लीग के विजेताओं के बीच खेले गए इस वार्षिक मैच में टॉटेनहैम निर्धारित समय के 85वें मिनट तक 2-0 से आगे चल रहा था। ली कांग-इन ने निचले कोने में जोरदार शॉट लगाकर पीएसजी के लिए पहला गोल किया जबकि उनके साथी खिलाड़ी गोंकालो रामोस ने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में बराबरी का गोल दागकर उडीन के स्टेडियो फ्रीउली में खेले गए इस रोमांचक मैच में स्कोर 2-2 कर दिया।

### द हंड्रेड 2025: बटलर बने टी-20 में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** द हंड्रेड 2025 का 12वां मुकाबला वेल्श फायर और मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स के बीच खेला गया। इस मैच में मैनचेस्टर के धाकड़ बल्लेबाज जोस बटलर ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने के मामले में पाकिस्तान के बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है और वह अब लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों की बात करें तो वहां डेविड वॉर्नर का नाम नंबर एक पर है। वॉर्नर ने 418 पारियों में 113 अर्धशतक लगाए हैं।

### वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का शुभंकर जारी

**श्रीनगर।** प्रतिष्ठित डल झील में 21 से 23 अगस्त तक होने वाले पहले खेलो इंडिया 'वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल (केआईडब्ल्यूएसएफ)' के शुभंकर का अनावरण किया गया। इस प्रतियोगिता में देश भर से 400 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। खेलो इंडिया कैलेंडर के तहत आयोजित होने वाले इस महोत्सव का शुभंकर हिमालयन किंगफिशर होगा। इससे पूर्व इस साल मई में दीव में पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स आयोजित किए गए थे। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के अनुसार, 'हिमालयन किंगफिशर खेलों में रोमांच, प्रकृति और प्रतिस्पर्धा की भावना का प्रतीक है।

